सोमवार, 1 जून 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 35 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 04:52 | सूर्यास्त: 18:16 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सही लोग अगर साथ हो तो बुरे दिन भी अच्छे बन जाते हैं।



सात्विक-चिराग ने सिंगापुर ओपन का चैंपियन बन दो साल के खिताबी सूखे को खत्म किया पृष्ठ 8

# 35 मंत्रियों के साथ आज शुभेंदु कैबिनेट का विस्तार

**लोकभवन में सुबह 11 बजे से समारोह में राज्यपाल नए मंत्रियों को दिलाएंगे शपथ**

**अर्जुन सिंह, तापस राय, शंकर घोष, उमेश राय, अशोक डिंडा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चर्चा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में मई की शुरुआत में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में पहली बार भाजपा सरकार के गठन के करीब 22 दिन बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी अपने मंत्रिमंडल का पहला बड़ा विस्तार सोमवार, एक जून को करने जा रहे हैं। नौ मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही इस बात की चर्चाएं तेज थीं कि शुभेंदु कैबिनेट (मंत्रिमंडल) में नए चेहरों को कब जगह मिलेगी। अब इस पर से सस्पेंस पूरी तरह हट चुका है। मुख्यमंत्री शुभेंदु ने रविवार को खुद एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि नवगठित राज्य मंत्रिमंडल का सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह होगा। 35 नए मंत्री शपथ लेंगे। शपथ समारोह सुबह 11 बजे से लोकभवन में होगा। राज्यपाल आरएन रवि नए मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। शुभेंदु ने लिखा कि बंगाल की जनता के जनादेश के अनुरूप चुनी हुई राष्ट्रवादी सरकार



की एक पूर्ण मंत्रिपरिषद का सोमवार को गठन किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस विस्तार में उत्तर बंगाल, जंगलमहल और मतुआ बहुल क्षेत्रों के विधायकों को मंत्रिमंडल में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है ताकि राज्य में एक मजबूत और संतुलित प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सके। मंत्रिमंडल में जिन प्रमुख चेहरों को जगह मिलने की चर्चा है उसमें बैरकपुर के पूर्व सांसद व नोआपाड़ा से नवनिर्वाचित विधायक अर्जुन सिंह, वरिष्ठ विधायक तापस राय, सिलीगुड़ी से दूसरी बार विधायक चुने गए डॉ. शंकर घोष, पूर्व क्रिकेटर व पूर्व मेदिनपुर के मोयना से दूसरी बार जीतकर आए अशोक डिंडा, डॉ. शारद्वत मुखोध्याय, उमेश राय, स्वपन दासगुप्ता, इंद्रनील खान, रूपा गांगुली, सजल घोष, राजेश कुमार, रुद्रनील घोष शामिल हैं। इनमें डा शारद्वत मुखोपाध्याय कोलकाता के विधाननगर से और उमेश राय उत्तर हावड़ा से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। उत्तर बंगाल से शंकर घोष के अलावा मालती राभा राय, दीपक बर्मन, मनोज उरांव और आनंद राय बर्मन को मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। ये सभी दूसरी बार जीत कर आए हैं। शुभेंदु अपने मंत्रिमंडल में नए व पुराने दोनों स्तरों के नेताओं को स्थान देना चाहते हैं। इसमें पुराने विधायक या जो लंबे समय से संगठन के साथ जुड़े हुए हैं, उन्हें शामिल किया जा सकता है। 35 नए मंत्रियों के शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री को लेकर मंत्रिमंडल के सदस्यों की कुल संख्या 41 हो जाएगी। इससे पहले नौ मई को मुख्यमंत्री के अलावा पांच मंत्रियों ने शपथ ली थी।



गुजरात के गढ़ में आरसीबी की ऐतिहासिक जीत, लगातार दूसरी बार चैंपियन पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

**बाल तस्करी और यौन शोषण मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी**

# नाबालिग की तस्करी पर अब लगेगा पॉक्सो एक्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बाल यौन शोषण और मानव तस्करी के खिलाफ एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि व्यावसायिक यौन शोषण के लिए किसी नाबालिग की तस्करी की जाती है, तो दोषियों पर कठोर 'पोक्सो एक्ट' के तहत मुकदमा चलाया जाएगा। जस्टिस जे.बी. पार्डीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने एनजीओ 'प्रज्वला' की याचिका पर यह अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बाल यौन शोषण का हर मामला कानूनन गैर-सहमति वाला ही माना जाएगा।

**सहमति का तर्क पूरी तरह खारिज**

कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मानव तस्करी के मामलों में पीड़ित बच्ची की 'सहमति' का कोई अर्थ नहीं रह जाता, चाहे अपराधी ने



डराने, धमकाने या बहलाने-फुसलाने जैसे हथकंडों का इस्तेमाल किया हो या नहीं।

कोर्ट का पूरा ध्यान अपराधियों की करतूतों और उनकी नीयत पर होना चाहिए। यदि पीड़ित को यह पता भी हो कि उसे वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है, तब भी वह पीड़ित ही रहेगी, क्योंकि काम के हालातों को लेकर उसे धोखे में रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाता है और यह अधिकार सरकार के साथ-साथ निजी व्यक्तियों के खिलाफ भी लागू होता है।

**पुनर्वास ही असल सशक्तिकरण**

सुप्रीम कोर्ट ने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे संवेदनशील मामलों को किसी एक कानून के चश्मे से न देखें, बल्कि भारतीय न्याय संहिता और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के साथ पोक्सो एक्ट का भी समग्रता से इस्तेमाल करें। पोक्सो लागू होने से पीड़ित बच्चों के बयान दर्ज करने और मेडिकल जांच की प्रक्रिया अधिक संवेदनशील व सुरक्षित हो जाती है। कोर्ट ने पीड़ितों को सिर्फ 'बचाव का पात्र' मानने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनके पुनर्वास पर जोर दिया, क्योंकि बिना पुनर्वास के वे दोबारा उसी दलदल में गिरने को मजबूर हो जाते हैं।

## महंगाई की मार: आज से महंगा हुआ कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर

**नयी दिल्ली :** तेल विपणन कंपनियों ने 1 जून से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें रविवार, 1 जून से लागू हो गई हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलिंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है। इसके अलावा पांच किलोग्राम वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलिंडर की कीमत भी 11 रुपये बढ़ाई गई है। दिल्ली में अब यह सिलिंडर 821.50 रुपये में उपलब्ध होगा। कमर्शियल गैस सिलिंडर का इस्तेमाल मुख्य रूप से होटल, रेस्तरां, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में किया जाता है। ऐसे में कीमत बढ़ने से इन कारोबारों की लागत पर असर पड़ सकता है।

# आंधी-तूफान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु ने सौंपा मुआवजे का चेक

**कोलकाता, समाज्ञा :** गत 29 मई को आए प्राकृतिक आपदा एवं कालबैसाखी तूफान के दौरान जान गंवाने वाले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी प्रवीन कुमार ठाकुर के परिवार को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को मृतक के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से मुआवजे का चेक सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उल्लेखनीय है कि 29 मई को राज्य के विभिन्न हिस्सों में आए तेज आंधी-तूफान और खराब मौसम के कारण कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ था। इसी प्राकृतिक आपदा के दौरान भवानीपुर निवासी



प्रवीन कुमार ठाकुर की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिवार को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं में प्रभावित लोगों के पुनर्वास और सहायता के लिए सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। मुआवजे का चेक प्राप्त करने के बाद परिवार के सदस्यों ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली में भारत-बांग्लादेश सीमा वार्ता अगले सप्ताह

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश के बीच अगले सप्ताह नयी दिल्ली में द्विवार्षिक महानिदेशक स्तरीय सीमा वार्ता होने की उम्मीद है, जो इस साल की शुरुआत में ढाका में बीएनपी सरकार के सत्ता संभालने के बाद इस तरह की पहली बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार, सीमा पर बाड़ लगाने, बीएसएफ कर्मियों पर हमले, घुसपैठ और सीमा पार अपराधों पर रोक लगाने तथा अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को सौंपने से संबंधित मुद्दे वार्ता के एजेंडे का हिस्सा होने की संभावना है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आठ से 11 जून के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ वार्ता के लिए राष्ट्रीय राजधानी का दौरा कर सकता है। भारतीय पक्ष का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार करेंगे। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बीएसएफ और बीजीबी के महानिदेशक स्तर की वार्ता आठ से 11 जून के बीच दिल्ली स्थित बीएसएफ बेस में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच 11 जून को वार्ता से जुड़ा एक संयुक्त दस्तावेज हस्ताक्षरित किया जाएगा।

# जनरल सुब्रमणि ने भारत के नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान और चीन संबंधी मामलों के विशेषज्ञ माने जाने वाले जनरल एन एस राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) के रूप में पदभार संभाल लिया। जनरल सुब्रमणि के सामने महत्वाकांक्षी सैन्य 'थिएटराइजेशन' (सेना के तीनों अंगों की एकीकृत सैन्य कमान व्यवस्था) योजना को लागू करने और तीनों



सेनाओं के बीच समन्वय मजबूत करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी। जनरल सुब्रमणि ने जनरल अनिल चौहान का स्थान लिया है, जिन्होंने शनिवार को देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। वह पिछले वर्ष 31 जुलाई को उप सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पदभार संभालने के तुरंत बाद सैन्य अधिकारी ने कहा कि सशस्त्र बलों में बदलाव और तीनों सेनाओं के बीच समन्वय एवं एकीकरण बढ़ाने के लिए संगठनात्मक सुधार उनकी प्राथमिकता होंगे। उन्होंने मीडिया के समक्ष जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सशस्त्र बलों में स्वदेशी हथियारों के विकास, उन्हें शामिल करने और उनके एकीकरण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमारी सशस्त्र सेनाओं ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा में हमेशा पेशेवर दक्षता और निर्णायक सैन्य क्षमता का परिचय दिया है। हम देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

# प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से भीषण गर्मी के बीच एहतियात बरतने की अपील की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में तापमान बढ़ने के मद्देनजर लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहने की रविवार को अपील की। मोदी ने रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि लोगों को धूप में बाहर निकलते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''देश के कई हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। अगर धूप में बाहर निकलना जरूरी हो, तो सावधानी और जरूरी एहतियात बरतें।'' उन्होंने कहा, ''पानी पीते रहें। इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को भी न भूलें।'' प्रधानमंत्री मोदी ने देश में तापमान बढ़ने के बीच पिछले बुधवार को भी नागरिकों से अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि ऐसे कठोर मौसम में शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना बहुत जरूरी है। मोदी ने फलों के राजा आम का भी उल्लेख करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में शायद ही कोई घर हो, जहां आम की चर्चा न होती हो। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र का अपना आम और उसकी अपनी सुगंध होती है। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र का हापुस या अल्फांसो, गुजरात का केसर- ये तो आमरस की जान हैं। उत्तर प्रदेश का दशहरी और मेरी काशी का लंगड़ा। बिहार का जर्दालू जिसकी खुशबू दूर से पहचान में आ जाए। चौसा, मालदा...हर नाम के साथ लोगों की यादें जुड़ी हुई हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई दक्षिण भारत जाए तो उसे बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, पश्चिम बंगाल के हिमसागर, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सुवर्णरखा जैसी अन्य किस्में मिलेंगी। उन्होंने कहा, ''यानी, जगह बदलती है और साथ ही आम का रूप-रंग एवं उसका स्वाद भी बदल जाता है ... आम की यह यात्रा अब गांवों से वैश्विक बाजार तक भी पहुंच रही है।''

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
*Chamber :* Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

# ईरान के साथ 'बहुत अच्छे समझौते' के करीब है अमेरिका: ट्रंप



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक ''बहुत अच्छे समझौते'' के करीब हैं लेकिन अगर वाशिंगटन को वह नहीं मिलता जो वह चाहता है तो वह ''मामले को किसी और तरीके से खत्म करेगा।'' ट्रंप ने ये टिप्पणियां अपनी बहू लारा ट्रंप के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कीं जिसका प्रसारण शनिवार रात 'फॉक्स न्यूज' पर किया गया। ट्रंप ने कहा, ''हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे तो आपको बेहतर समझौता नहीं मिल पाएगा और धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं। अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से खत्म करेंगे।'' ट्रंप ने कहा कि ईरानी ''अच्छे वार्ताकार'' हैं लेकिन ''सारे पत्ते'' अब अमेरिका के हाथ में हैं क्योंकि ईरान ''सैन्य रूप से पराजित हो चुका है''। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, ''लेकिन हम एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। अगर हम इसे कर लेते हैं, तो अच्छा है। अन्यथा, हम सीधे युद्ध विभाग से संपर्क करेंगे।'' ट्रंप ने बताया कि ईरानियों ने कहा है कि वे परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहे हैं। ट्रंप ने सवाल किया कि अगर ईरान परमाणु हथियार खरीद ले तो क्या होगा? उन्होंने कहा, ''मैंने कहा, अगर आप परमाणु हथियार खरीद लें तो क्या होगा? तो अब ईरान कहता है कि हम न तो कोई सैन्य हथियार विकसित करेंगे और न ही खरीदेंगे। यह एक बड़ा अंतर है।'' अमेरिकी नेता ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान पर अमेरिका का ''काफी दबदबा'' है क्योंकि उनकी नौसेना और वायुसेना ''पूरी तरह से तबाह'' हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान की सेना को पूरी तरह से नष्ट नहीं कर पाया है क्योंकि कुछ नेता अधिक उदारवादी हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अधिक चरमपंथी तत्वों और प्रमुख नेतृत्व को निशाना बनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को अपने शीर्ष कैबिनेट सहयोगियों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की लेकिन यह बैठक भविष्य की कार्रवाई पर बिना किसी स्पष्टता के खत्म हो गई।



## लोकहित की प्रतिबद्धता पत्रकारिता का फर्ज

भले ही हिंदी पत्रकारिता गफलत में अपनी पहली शताब्दी न मना सकी हो, लेकिन वह द्विशताब्दी के मौके पर खासी उत्साहित है। वह आत्ममंथन के दौर से गुजर रही है। आज से दो सौ साल पहले उत्तर भारत से जाकर तत्कालीन कलकत्ता को कर्मभूमि बनाने वाले पं. युगल किशोर शुक्ल ने 'उदन्त मार्तण्ड' के रूप में हिंदी पत्रकारिता का बीजारोपण किया था। भले ही वह पत्र आर्थिक झंझावातों से अधिक समय तक न चल सका, लेकिन अपनी 'आदि प्रतिज्ञा' से वह जो पत्रकारिता का लक्ष्य तय कर गया, वह आज भी उतना ही जरूरी व प्रासंगिक है। 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रवेशांक में पं. शुक्ल ने लिखा था कि इस समाचार पत्र का प्रकाशन– ' हिंदुस्तानियों के हित के हेत' .. किया जा रहा है। निस्संदेह, ध्येय वाक्य के गहरे निहितार्थ थे और आज भी हैं। सही मायने में पत्र ने दो सदी पहले पत्रकारों को उनका 'कर्मपथ' बता दिया था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जबकि यह हिंदी भाषा का समाचार पत्र था, लेकिन उसकी फिक्र केवल हिंदी भाषियों की ही नहीं थी। उसकी 'आदि प्रतिज्ञा' समस्त हिंदुस्तानी समाज के हित को लेकर थी। पत्र का नाम 'उदन्त मार्तण्ड' यानी उगता सूरज था। बाकायदा समाचार पत्र के नाम के साथ संस्कृत में लिखा होता था कि जैसे सूरज के प्रकाश के बिना अंधेरा दूर नहीं होता, उसी तरह अज्ञ जन समाचार पत्र के बिना ज्ञानवान नहीं बन सकते। यह भी कि ज्ञान के प्रकाश को फैलाने के मकसद से इस समाचार पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है। निश्चय ही उदन्त मार्तंड की 'आदि प्रतिज्ञा और धेय' में सभी भाषाओं की पत्रकारिता का लक्ष्य आज भी यही है। निश्चय ही यह पत्रकारिता बिरादरी को आईना दिखाता है कि हमारी पत्रकारिता हर हिंदुस्तानी के हित के हेत है? क्या हम हम समाज में अज्ञ को ज्ञानवान बनाने का काम कर रहे हैं? क्या हमारे शब्द उतने ही अर्थवान व सारवान हैं, जितना इस पेशे से अपेक्षित है। निश्चय ही यह अवसर पत्रकारिता बिरादरी को आत्ममंथन का मौका देता है।

हिंदी पत्रकारिता के प्रतीक पुरुष स्व. प्रभाष जोशी ने एक बार पत्रकारिता के छात्रों से बातचीत करते हुए कहा था कि पत्रकारिता 'ऋषिकर्म' है। जिसमें घर फूंक तमाशा देखने का जज्बा हो, वही पत्रकारिता में आए। पैसे कमाने के लिये तमाम पेशे हैं। साथ ही यह भी कि किसी डेढ़ पेज की प्रेस विज्ञप्ति में यदि कोई डेढ़ लाइन की खबर निकाल सके, तो वही असली पत्रकार है। बाकी सब विज्ञापन है। लेकिन विडंबना यह है कि आज विश्वविद्यालयों से निकलने वाले पत्रकारिता के छात्रों में बिरले ही ऐसे होते हैं, जो वेतन, पैकेज व पद के सम्मोहन से मुक्त होकर मिशनरी पत्रकारिता का जज्बा रखते हों। आज पत्रकारिता के नवसाक्षरों की बड़ी फौज पत्रकारिता के ग्लैमर व प्रसिद्धि के प्रलोभन में इस पेशे में आती है। उसे आजादी की लड़ाई में सर्वस्व अर्पित करने वाले 'स्वराज' अखबार का शायद ही भान हो, जिसके ढाई वर्ष के अल्पकाल में संपादकों को डेढ़ सौ साल की सजाएं हुई। लेकिन उसके बावजूद संपादक पद के लिये विज्ञापन देने पर जज्बे के पत्रकारों की लाइन लग जाती थी। निश्चित रूप से पत्रकारिता जीवन मूल्यों की शुचिता व सामाजिक दायित्वों का पेशा है। यह विशुद्ध कारोबार या व्यवसाय नहीं हो सकता है। विडंबना यह है कि तकनीकी क्रांति के बाद जब से बड़ी पूंजी की समाचारों के प्रकाशन में दखल बढ़ी है, तब से संपादक नामक संस्था क्षीण हुई है और पूंजीपति की दखल में वृद्धि हुई है। पिछली सदी में एक दिग्गज संपादक की वह टिप्पणी आज भी प्रासंगिक है कि 'भविष्य के अखबार रूप-रंग व प्रकाशन में तो आकर्षक होंगे, लेकिन उनमें पत्रकारिता की आत्मा न होगी।' निश्चय ही आज बाजार और राजनीति की दखल के चलते पत्रकारिता के समक्ष बड़ी चुनौती बनी है। वहीं नई पीढ़ी के कथित ऑनलाइन व डिजिटल सम्मोहन के चलते प्रिंट पत्रकारिता से छिटकना भी चिंता की बात है। कॉन्वेंट स्कूलों से निकलने वाले छात्र हिंदी भाषायी समाचार पत्रों से विमुख हुए हैं। उनका समाचार पत्रों से विमुख होना भारतीय परिवेश, संस्कृति व मातृभाषा से दूर होना भी है। ये संपादकों को सोचना होगा कि समाचार पत्रों से नई पीढ़ी का लगाव कैसे गहरा किया जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 जून, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ (अधिक) कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 16:37 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 19:01 तक, योग : सिद्ध, 06:11 तक, सूर्योदय: 04:52, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 19:59, चन्द्रास्त: 05:50, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 07:13 से 08:53

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी मेहनत और लगन ऑफिस में सबका ध्यान खींचेगी। बॉस आपके काम से इतने प्रभावित रहेंगे कि प्रमोशन को लेकर चर्चा भी शुरू हो सकती है।

**वृष :** आज का दिन धन और खुशियों की बरसात लेकर आया है। रुका हुआ पैसा वापस मिलने से मन हल्का और प्रसन्न रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए भी अच्छे संकेत बन रहे हैं।

**मिथुन :** आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। परिवार में किया हुआ कोई पुराना वादा पूरा करने का समय आ गया है। लंबे समय बाद किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क :** आज आपका मान-सम्मान और प्रभाव दोनों बढ़ने वाले हैं। हालांकि कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी से कहासुनी होने की संभावना है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

**सिंह :** आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव और पढ़ाई के दबाव से राहत मिलेगी। किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

**कन्या :** आज प्रॉपर्टी और बिजनेस से जुड़े मामलों में किस्मत आपका साथ देगी। आप महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। खास लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगी।

**तुला :** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बेहद खास रहेगा। मनपसंद काम मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा और भाई-बहनों का सहयोग भी आपको मजबूती देगा।

**वृश्चिक :** आज आपके आसपास का माहौल बेहद खुशनुमा रहेगा और आपके चेहरे की चमक सबका ध्यान खींचेगी। जीवनसाथी नौकरी के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात आपके भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है। दिल रोमांस से भर जाएगा।

**मकर :** आज का दिन दोस्तों और अपनों के साथ हंसी-मजाक और मौज-मस्ती में बीतेगा। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे निभाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपको सफलता की ओर आगे बढ़ाने वाला रहेगा। सेहत को नजरअंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए शरीर के संकेतों को समझें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी सकारात्मक सोच आपको दूसरों से आगे ले जाएगी। नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

# कमजोर मानसून तो महंगाई का लगेगा तड़का, अर्थव्यवस्था होगी प्रभावित



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मौसम विभाग द्वारा 29 मई को जून से सितंबर मानसून के दौरान 10 प्रतिशत कम बरसात का पूर्वानुमान बेहद चिंताजनक का कारण बन गया है। इससे पहले जारी पूर्वानुमान में 8 प्रतिशत कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई थी। लगभग दस साल बाद देश में कमजोर मानसून के हालात रहने की संभावना है। अर्थव्यवस्था के लिए यह इसलिए और भी अधिक चिंतनीय हो जाता है कि एक और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर के आसार नहीं दिख रहे हैं और इसके कारण भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश कच्चे तेल और गैस की समस्या से दो चार हो रहे हैं और इसका सीधा असर महंगाई बढ़ना हो रहा है। दूसरी और अब अलनीनों के प्रभाव से इस साल कमजोर मानसून के कारण 10 प्रतिशत कम बरसात होने से हालात और भी गंभीर होने की संभावना बनती जा रही है। करीब दस साल बाद ऐसे हालात बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि उत्तर पूर्व को छोड़कर समूचे देश में कम बरसात की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को इसलिए भी नहीं नकारा जा सकता है कि पिछले सालों में भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान लगभग सटीक रहने लगे हैं। मजे की बात यह है कि इस साल गर्मी भी भीषण पड़ रही है और पिछले एक माह में ही जलाशयों में उपलब्ध पानी में तेजी से कमी आई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश के प्रमुख 166 जलाशयों में कुल भराव क्षमता का 24 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है और तेजी से पानी कम होता जा रहा है। दक्षिण भारत के हालात अधिक गंभीर है और वहां लगभग 17 प्रतिशत ही पानी रह गया है। उत्तरी भारत के जलाशयों में 26 तो पश्चिमी भारत के जलाशयों में 28 प्रतिशत के आसपास ही पानी रह गया है। मानसून भी तय समय से बिलंबित हो रहा है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि हमारी अर्थव्यवस्था मानसूनी बरसात पर बहुत कुछ निर्भर करती है। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है। पूर्वानुमानों को माने तो 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी उसके बाद के सालों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले सालों में मानसून की स्थिति देखें तो 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसापास व इससे अधिक ही रही है। कमजोर मानसून के कारण भूजल स्तर में गिरावट, अधिक पानी पर निर्भर धान, तिलहन और दलहन की फसल प्रभावित होगी और इस कारण से खाद्य महंगाई बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता। इससे आम आदमी की थाली पर असर पड़ेगा और सब्जी, दाल और अनाज सभी के भाव बढ़ने का असर दिखाई देगा। इसी तरह से देश के अनेक हिस्सों में पीने के पानी की दिक्कत आम है। बांधों में तेजी से पानी की कमी और मानसून कमजोर रहने से पानी की कम आवक रहती है तो निश्चित रुप से सिंचाई व पेयजल दोनों के लिए पानी की दिक्कत होगी। जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन पर असर होगा तो कुल मिलाकर अर्थ व्यवस्था को प्रभावित होने से कोई नहीं रोक सकता।

दरअसल देश में एक समय था जब सूखा आम होता था और व्यापक स्तर पर अकाल राहत कार्य संचालित होते थे। हांलाकि देश के हालातों में काफी सुधार हुआ है और अकाल को तो लगभग भूल ही चुके हैं। पर सवाल वहीं का वहीं है कि जल संचयन के जो प्रयास होने चाहिए थे और उनका जिस तरह का प्रभाव पड़ना चाहिए था वह अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार के सामने कमजोर मानसून के हालात से निपटने की बड़ी चुनौती आने वाली है। सबसे अधिक तो जल संग्रहण की चुनौती होगी क्योंकि प्राकृतिक जल संग्रहण के रास्ते शहरीकरण की भेंट चढ़ चुके हैं। दीर्घकालीन सोच के साथ ठोस प्रयास नहीं होने से बरसात के पानी का सही तरीके से संग्रहण भी नहीं हो पा रहा है। जितने पानी की साल भर आवश्यकता होती है उससे अधिक बरसाती पानी तो बह जाता है। इसके अलावा पानी का उपयोग और दुरुपयोग दोनों ही बढ़ गए हैं। कम पानी से तैयार होने वाली फसलों की किस्में विकसित करने में हम अभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पायें हैं। पांच नदियों के प्रदेश पंजाब तक में पानी का संकट होने लगा है। खेती ही नहीं घरेलू जरुरतों में भी पानी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। टायलेट और कूलरों में पानी की खपत बहुत अधिक बढ़ गई है। जल बचाओ मात्र स्लोगन ही रह गया है और इसका असर दिखाई नहीं देता। इसी तरह से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार तो बहुत किये गये हैं पर उनके निर्माण में जिस तरह की लापरवाही बरती गई है वह किसी से छिपी नहीं हैं। क्योंकि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कितना सफल रहा है वह सामने हैं। बाहरमासी नदी नालें तो अब कल्पना की बात हो गए हैं बल्कि बरसाती नदियां भी बरसात में एकाध बार ही पूरे वेग से बहती दिखती है। ऐसे में गंभीरता को तो समझा ही जा सकता है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि मानसून हमेशा सामान्य ही रहेगा यह सोचना अपने आप में गलत होगा। जिस तरह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जंगल घटते जा रहे हैं, पेड़ पौधे कम हो रहे हैं वह किसी और की देन नहीं हमारे कारण ही हो रहा है। हालात यह हो गए हैं कि सर्दी में सर्दी नहीं और गर्मी में गर्मी को तरसने लगे हैं। यहां तक कि इस बार तो बसंत की प्रतीक्षा ही करते रह गए हैं। जनवरी फरवरी में सर्दी तो फिर मार्च अप्रेल में गर्मी का असर देखा गया। बसंत कब आया और कब गया पता ही नहीं चला। कहने का अर्थ है कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम सामने हैं। प्राकृतिक विपदाएं अधिक होने लगी है। ग्लेसियरों में तेजी से बर्फ पिघल रही है, समयपर बर्फवारी कम होने लगी है। बेमौसम आंधी ओलावृष्टि आम होती जा रही है। खैर यह विषयांतर होगा पर कहीं ना कहीं मानसून को लेकर दीर्घकालीन रणनीति बनानी ही होगी ताकि कमजोर मानसून का जनजीवन और अर्थ व्यवस्था पर व्यापक असर नहीं पड़े। सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर इस दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे।

# मातृतुल्यो न पूजनीयो, न पितृतुल्यो गुरुः



अशोक प्रवृद्ध

प्रतिवर्ष 1 जून को मनाया जाने वाला वैश्विक अभिभावक दिवस मात्र एक आधुनिक कैलेंडर की तिथि नहीं है, अपनि सनातन मनीषा के उस शाश्वत दर्शन का पुनरावलोकन है, जो माता-पिता को सृष्टि का आदि कारण और प्रत्यक्ष देवता स्वीकार करता है। आधुनिक पाश्चात्य संस्कृति जहां संबंधों को अनुबंध और कर्त्तव्य तक सीमित मानती है, वहीं भारतीय वास्तुकला और विचार दर्शन में माता-पिता का स्थान ऋणत्रय (देव ऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण) से मुक्ति के महामार्ग के रूप में रेखांकित है। भारत की मेधा ने माता-पिता को केवल जैविक जन्मदाता नहीं, अपितु आत्मा का संस्कारक और परमेश्वर का प्रत्यक्ष विग्रह माना है। वैदिक ऋचाएं प्रकृति के कण-कण में जिस चेतना का साक्षात्कार करती हैं, उसका मूर्तरूप माता-पिता हैं। वेदों में द्यौ (आकाश) को पिता और पृथ्वी को माता के रूप में निरूपित कर संपूर्ण ब्रह्मांड को एक वैश्विक परिवार (वसुधैव कुटुम्बकम्) के रूप में देखा गया है।ऋग्वेद की ऋचाओं में पितृत्व और मातृत्व के संबंध में अनेकशः वर्णन अंकित हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में स्पष्ट उद्घोष है-द्यौर्मे पिता जनिता नाभिरत्र बन्धुर्मे माता पृथिवी महीयम्।

**– ऋग्वेद 1/164/33 अर्थात- आकाश मेरे जन्मदाता पिता हैं और यह महती पृथ्वी मेरी माता है।**

वैदिक ऋषि इस रूपक के माध्यम से यह स्थापना करते हैं कि जिस प्रकार आकाश समस्त सृष्टि को संरक्षण और अवकाश प्रदान करता है, उसी प्रकार पिता अपनी संतान को अभय और विस्तार देता है। जिस प्रकार पृथ्वी समस्त बीजों को अपनी कुक्षी में धारण कर उनका पोषण करती है, वही वात्सल्य माता का स्वरूप है। अथर्ववेद का संमनस्य सूक्त पारिवारिक समरसता, पारिवारिक एकात्मता का अप्रतिम संलेख है। वैश्विक अभिभावक दिवस की प्रासंगिकता इस सूक्त के बिना अधूरी है-अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु संमनाः।

– अथर्ववेद 3/30/2 पुत्र पिता के व्रतों (सदाचार और संकल्पों) का अनुगमन करने वाला हो और माता के साथ एक मन (वैचारिक समरूपता) वाला हो। यहां संमनाः शब्द अत्यंत गूढ़ है। यह केवल आज्ञाकारिता नहीं, अपितु वैचारिक और मानसिक तादात्म्य की पराकाष्ठा है, जहां माता और संतान के मध्य कोई संवादात्मक दूरी शेष नहीं रहती।उपनिषद काल तक आते-आते भारतीय दर्शन कर्मकांड से ऊपर उठकर आत्म अन्वेषण की ओर प्रवृत्त हुआ। इस ज्ञान कांड में भी माता-पिता की महत्ता को सर्वोच्च शिखर पर बनाए रखा गया, क्योंकि ऋषियों को यह भली-भांति ज्ञात था कि बिना सुदृढ़ पारिवारिक धरातल के आध्यात्मिक ऊंचाइयां प्राप्त करना असंभव है।वैदिक शिक्षा की समाप्ति पर जब आचार्य स्नातक (शिष्य) को समावर्तन संस्कार के समय जीवन दर्शन का उपदेश देते थे, तो उनका प्रथम वाक्य ही लोक-कल्याण और कौटुंबिक मर्यादा का घोषणापत्र बन जाता था। तैत्तिरीयोपनिषद का दीक्षान्त उपदेश में कहा गया है-मातृदेवो भव। पितृदेवो भव।

– तैत्तिरीयोपनिषद 1/11/1 इस औपनिषदिक उद्घोष में भव क्रियापद केवल आदेश नहीं, वरन एक आध्यात्मिक रूपांतरण है। आचार्य शिष्य से कहते हैं कि अपनी माता और पिता को साक्षात देवस्वरूप समझो। ईश्वर अदृश्य है, परंतु माता-पिता प्रत्यक्ष और दृश्य देवता हैं। इनकी अवमानना करके की गई कोई भी देव आराधना निष्फल है।बृहदारण्यक उपदेशों और गृह्यसूत्रों के गूढ़ विमर्शों में बालक को त्रिपुरुष आयु का वाहक माना गया है। माता-पिता संतान के भीतर केवल रक्त का प्रवाह नहीं करते, अपितु अपनी सात पीढ़ियों के संचित ज्ञान और संस्कारों का बीजारोपण करते हैं। इसलिए, उपनिषदों में माता को निर्मात्री और पिता को गोप्ता (रक्षक) की संज्ञा दी गई है।

पुराणों ने वेदों के गूढ़ और अमूर्त सिद्धांतों को कथाओं के माध्यम से जनमानस के लिए सुगम बनाया। पौराणिक काल में माता-पिता की महत्ता को सिद्ध करने के लिए अनूठे प्रतिमान स्थापित किए गए।शिवपुराण एवं गणेशपुराण में अंकित एक अत्यंत प्रसिद्ध प्रसंग आधुनिक वैश्विक अभिभावक दिवस के मूल दर्शन को पूरी तरह चरितार्थ करता है। जब कार्तिकेय और गणेश के मध्य संपूर्ण ब्रह्मांड की परिक्रमा की प्रतिस्पर्धा हुई, तब कार्तिकेय अपने मयूर वाहन पर आरूढ़ होकर कोटि-कोटि तीर्थों और ब्रह्मांड की प्रदक्षिणा हेतु निकल पड़े। इसके विपरीत, मंदगामी गणेश ने अपनी कुशाग्र मेधा का परिचय देते हुए साक्षात जगन्माता पार्वती और देवाधिदेव शिव को एक आसन पर बिठाया और उनकी सप्त प्रदक्षिणा कर दी।जब उनसे इसका कारण पूछा गया, तो गणेश का उत्तर सनातन माता-पिता दर्शन का निचोड़ था-मातापितृमयी पूजा सर्वपूजातिरिच्यते।

पृथिव्याः प्रदक्षिणायास्तु फलं भवति निश्चितम्।।अर्थात- माता-पिता की पूजा समस्त पूजाओं से श्रेष्ठ है। उनके चरणों में ही संपूर्ण ब्रह्मांड समाहित है। इस आख्यान का विश्लेषणात्मक निहितार्थ यह है कि बाह्य जगत की समस्त उपलब्धियां, देशाटन और भौतिक प्रगतियां व्यर्थ हैं, यदि व्यक्ति के मन में अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति विरक्ति या उपेक्षा का भाव है।वाल्मीकि रामायण और परवर्ती पौराणिक आख्यानों में श्रीराम का चरित्र पितृ आज्ञा पालन का चरमोत्कर्ष है। अयोध्याकाण्ड में जब श्रीराम लक्ष्मण को समझाते हैं, तब वे माता-पिता के ऋण की अपरिमितता का वर्णन करते हैं-नास्ति धर्मो महत्तरः पितृशुश्रूषणात् परः।

तस्मात् पितरमाज्ञाप्य वनं गन्तुं मतिर्मम।।संसार में माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। श्रीराम साम्राज्य का परित्याग केवल पिता के वचनों की रक्षा के लिए नहीं करते, अपितु वे समाज के सम्मुख यह आदर्श स्थापित करते हैं कि भौतिक ऐश्वर्य क्षणभंगुर है, किंतु माता-पिता के प्रति कर्त्तव्य का निर्वाह शाश्वत कीर्ति का आधार है। भारतीय नीतिशास्त्रकारों और स्मृतिकारों ने माता-पिता के प्रति संतानों के कर्त्तव्यों को केवल आध्यात्मिक उपदेश नहीं माना, बल्कि उसे सामाजिक और नैतिक विधान के रूप में संहिताबद्ध किया। महर्षि मनु ने मानव धर्मशास्त्र मनुस्मृति में माता-पिता द्वारा संतान के पालन-पोषण में सहे गए कष्टों का अत्यंत कारुणिक और व्यावहारिक विश्लेषण किया है-यं मातापितरौ क्लेशं सहेते सम्भवे नृणाम्।

**न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि।।**

-मनुस्मृति 2/227 मनुष्य के जन्म और उसके संवर्द्धन के समय माता-पिता जिस असीम कष्ट और क्लेश को सहन करते हैं, उसका निस्तार (ऋण-मुक्ति) सौ वर्षों तक निरंतर सेवा करके भी संभव नहीं है।

मनु आगे लिखते हैं कि माता, पिता और आचार्य, इन तीनों के संतुष्ट होने पर मनुष्य के समस्त तप और व्रत स्वतः पूर्ण हो जाते हैं-तेषामेव त्रिषु तुष्टेषु तपः सर्वं समाप्यते।

-मनुस्मृति 2/229 महाभारत के वनपर्व में यक्ष और युधिष्ठिर के संवाद के माध्यम से महर्षि वेदव्यास ने धरातल की वास्तविकताओं को छुआ है। यक्ष प्रश्न करते हैं-का च भूमिगुणादिष्टा किं च द्योश्चोत्तरं स्मृतम्?युधिष्ठिर का प्रत्युत्तर भारतीय मनीषा का उद्घोष है-माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।

-महाभारत, वनपर्व 313/60माता इस विस्तीर्ण भूमि से भी अधिक भारी (गौरवशाली) हैं और पिता आकाश से भी अधिक ऊंचे (महान) हैं। यह तुलना दर्शाती है कि स्थूल जगत में भूमि जितनी सहिष्णु और जीवनदायिनी है, माता उससे भी परे है। आकाश जितना असीम और रक्षक है, पिता का आशीष उससे भी व्यापक है। आज जब संयुक्त राष्ट्र संघ 1 जून को वैश्विक अभिभावक दिवस के रूप में मनाता है, तो उसके पीछे का मूल उद्देश्य पाश्चात्य जगत में बिखरते हुए परिवार, वृद्धों की एकाकी दशा वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या और उपभोक्तावादी संस्कृति के दुष्प्रभावों को रोकना है। पाश्चात्य जगत जहां अधिकारों की भाषा बोलता है, वहीं सनातन भारतीय संस्कृति कर्त्तव्यों और ऋणों की बात करती है।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भौतिकता की अंधी दौड़ ने युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से काट दिया है। करियर और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के छद्म आवरण में वृद्ध माता-पिता को अकेला छोड़ देना एक वैश्विक विभीषिका बन चुका है। ऐसे समय में हमें कौटिल्य के अर्थशास्त्र के उस नियम को याद करना चाहिए, जहां वृद्ध माता-पिता का भरण-पोषण न करने वाले को दण्ड का भागी माना गया था। श्रीमद्भागवत महापुराण में भी शुकदेव मुनि राजा परीक्षित से कहते हैं कि जो समर्थ होते हुए भी अपने वृद्ध माता-पिता, साध्वी पत्नी और शिशु संतान का भरण-पोषण नहीं करता, वह जीवित होते हुए भी शव के समान है-जीवन्मृतोऽसौ पुरुषो यः पुष्ट्या बिभर्ति न। वैश्विक अभिभावक दिवस की सार्थकता ग्रीटिंग काड्‌र्स के आदान-प्रदान या सोशल मीडिया पर चित्रों के प्रदर्शन में नहीं है। इसकी वास्तविक सार्थकता भारतीय परंपरा व साहित्य के उस मर्म को आत्मसात करने में है, जो माता-पिता की प्रसन्नता में ही ईश्वर की प्रसन्नता देखता है। रघुवंशम में महाकवि कालिदास ने माता-पिता के इसी शाश्वत रूप को वंदना के योग्य माना है-वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ।।जैसे शब्द और अर्थ एक-दूसरे से अविभाज्य हैं, वैसे ही माता और पिता इस जगती के आधार हैं। वैश्विक अभिभावक दिवस के इस पावन प्रसंग पर संपूर्ण विश्व को भारत की इस सनातन उद्घोषणा को स्वीकार करना होगा कि माता-पिता की सेवा ही परम तीर्थ है, उनका संतोष ही परम स्वर्ग है, और उनके आशीष से ही राष्ट्र और संस्कृति का अभ्युदय संभव है। -लेखक, आध्यात्मिक चिंतक व साहित्यकार

## विदेश


### दुर्लभ प्रकार के इबोला वायरस से संक्रमित पांच मरीज स्वस्थ हो चुके: डब्ल्यूएचओ

**बुनिया :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने रविवार को कहा कि दुर्लभ प्रकार के इबोला वायरस से संक्रमित पांच मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। पूर्वी कांगो के इतुरी प्रांत की राजधानी बुनिया में इबोला उपचार केंद्र के उद्घाटन के दौरान टेड्रोस ने बताया कि चार मरीजों को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी, जबकि एक मरीज को दो दिन पहले छुट्टी दी जा चुकी है। बुनिया इस इबोला प्रकोप का प्रमुख केंद्र माना जा रहा है। टेड्रोस ने कहा, बेशक, हम अभी भी टीका और उपचार पर काम कर रहे हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि लोग इबोला से ठीक नहीं हो सकते। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को बताया था कि वर्तमान प्रकोप के लिए जिम्मेदार बंडीबुग्यो प्रकार के इबोला वायरस से संक्रमित एक मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो गया है। इस वायरस के लिए अभी तक कोई स्वीकृत टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, मौजूदा प्रकोप के दौरान यह बंडीबुग्यो वायरस से संक्रमित किसी मरीज के स्वस्थ होने का पहला दर्ज मामला है।

### भारतीय राजदूत का मंदारिन भाषा में धाराप्रवाह बोलते हुए वीडियो चीन में वायरल

**बीजिंग :** चीन में भारत के नए राजदूत विक्रम दोरईस्वामी का एक वीडियो चीनी सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है, जिसमें वह धाराप्रवाह मंदारिन भाषा में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को उजागर करते हुए आगंतुकों को यहां भारतीय दूतावास का दौरा करा रहे हैं। दोरईस्वामी (56) चीन में तब से लोकप्रिय हो गए हैं जब नयी दिल्ली ने इस साल मार्च में उन्हें नया राजदूत नियुक्त किया था, क्योंकि चीनी विदेश मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए उनके चीनी नाम पर प्रकाश डाला था। मार्च में यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, मैंने देखा कि राजदूत दोरईस्वामी ने अपने लिए एक चीनी नाम चुना है: वेई जियामेंग। उनके चीनी नाम का अर्थ है उत्कृष्ट गठबंधन बनाने वाला, जिसने चीनी आधिकारिक और सोशल मीडिया में सकारात्मक चर्चा पैदा की। रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा के बगल में खड़े होकर, दोरईस्वामी ने एक सदी से भी अधिक समय पहले चीन में टैगोर की यात्राओं को याद किया, जिनके दौरान नोबेल पुरस्कार विजेता ने एशियाई संस्कृति और लोगों के जागरण का आह्वान किया था। राजदूत ने कहा कि टैगोर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन विश्व की प्राचीन सभ्यताओं के घर हैं, जिनमें विशिष्ट और विविध संस्कृतियां, संगीत, रंगमंच, ललित कलाएं और व्यंजन मौजूद हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3456



*बायें से दायें:-* 1) घृणित, 3) भारी शरीर की नाटा व्यक्ति, 6) डकैती, 8) रिश्ता, 9) अल्प, 11) स्वीकार, 13) बढ़िया महीन सूती कपड़ा, 14) मृत्यु, 15) मेरा नहीं, 16) पथिक, 18) पर्वत, 19) फैटे हुए अंडे का पकवान 20) तर्कवितर्क, 22) निषिद्ध, 23) परिवर्तित.

*ऊपर से नीचे:-* 1) रगड़ना, 2) अप्रसन्नता, 3) टाट का बना थैला, 4) जादू, 5) एक गायिका, 7) अवश्य, 9) कोठरी, 10) एक भाषा, 11) मध्यवर्ती काल, 12) अस्थायी, 15) पत्र आदि पर लिखा किसी का नाम और रहने की जगह, 17) मटमैले रंग का एक कीड़ा जो खून चूसता है, 18) बाल्य, 19) ज़ख्मी; घायल, 21) स्वीकृति.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ह | ब्ब | त | | अ | न्य | | न | ष्ट |
| क़ | द | | र | सी | द | | अ | दा | |
| र | | खू | ब | | ना | मं | जू | र | |
| ना | ज़ | | त | भी | | | बा | द | ल |
| | ब | घा | र | | ध | ज्जी | | | ज्ज |
| | र | | | ज | मा | | अ | त्यं | त |
| गो | द | | ए | | चौ | प | ट | | दा |
| म | स्त | मौ | ला | | क | | क | गा | र |
| य | | | न | शे | ड़ी | | ना | ड़ी | |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | 3 | 8 |
| | | | | | | 6 | | |
| 5 | 2 | | | | | | | |
| 2 | | | | | 3 | | 5 | |
| 1 | | 9 | 6 | | 8 | | | 4 |
| 8 | 6 | | | | | | | |
| | | | 7 | 3 | | 5 | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | | 8 | 1 | | | | 9 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3413 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 3 | 9 | 5 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 7 |

# कोलकाता नगर निगम ने 3,000 अवैध निर्माणों की पहचान की



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनते हुए

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के भवन विभाग ने शहर भर में लगभग 3,000 अवैध निर्माणों की पहचान की है। इसकी जानकारी नगर निगम के एक अधिकारी ने रविवार को दी। अधिकारी ने बताया कि इन हजारों आवासों में किए गए निर्माण और विस्तार पूरी तरह से गैरकानूनी हैं और इन्हें किसी भी क्षण ध्वस्त किया जा सकता है। पूर्वी कोलकाता में ईएम बाईपास के आसपास ऐसे कई अवैध ढांचे बन गए हैं। कोलकाता नगर निगम के छह नगरों में से बेलियाघाटा, टेंगरा, तिलजला,



बड़ाबाजार, तपसिया, कस्बा, गार्डन रीच, मटियाब्रुज, काशीपुर और चितपुर जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक अवैध निर्माण हुए हैं। केएमसी के भवन विभाग द्वारा कुछ क्षेत्रों को 'रेड जोन' घोषित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इन रेड जोन को उन स्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जहां अवैध निर्माणों की अच्छी-खासी संख्या मौजूद है। जांच के दौरान केएमसी अधिकारियों ने पाया कि इन अवैध निर्माणों को स्थानीय प्रमोटरों और गिरोहों द्वारा सुगम बनाया गया था। केएमसी के सूत्रों के अनुसार, अक्सर ऐसा होता है कि कोई प्रमोटर या निर्माण कंपनी नगर निगम से 'जी प्लस फोर' इमारत के निर्माण की मंजूरी तो ले लेती है, लेकिन बाद में 'डी प्लस फाइव' इमारत का निर्माण कर देती है। इससे न केवल अतिरिक्त 'अवैध' मंजिल से मुनाफा बढ़ाने का मौका मिलता है, बल्कि भवन निर्माण सामग्री की खरीद से जुड़ी लागत में भी भारी वृद्धि होती है। इस मुनाफे को गिरोहों में बांट दिया जाता है। एक अधिकारी ने कहा कि कुछ इमारतों में जहां अवैध रूप से एक अतिरिक्त मंजिल का निर्माण किया गया है, वहां पूरी संरचना को ध्वस्त नहीं किया जाएगा, बल्कि केवल अतिरिक्त मंजिल की ही जांच की जाएगी। कोलकाता नगर निगम के भवन विभाग का कहना है कि कोलकाता के जिन इलाकों को अवैध निर्माण के लिए 'रेड जोन' घोषित किया गया है, वहां अवैध निर्माण के लिए गिरोहों द्वारा गांवों या झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों को ध्वस्त किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, इन अवैध निर्माणों में तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद शासन से मिले आदेश पर केएमसी प्रशासक अवैध निर्माणों की पहचान करने के लिए शहर की निगरानी कर रहे हैं। तिलजला, बेलियाघाटा और कस्बा क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के समर्थन से बने अवैध निर्माणों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जारी है।

## बढ़ती मांग के बावजूद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य : तेल कंपनियां

**कोलकाता :** देश के विभिन्न हिस्सों में हाल के दिनों में ईंधन की मांग में अचानक वृद्धि के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) इंडियनऑयल, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं। तेल कंपनियों द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ क्षेत्रों में मांग में अस्थायी बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन देशभर में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को घबराकर अतिरिक्त खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। कंपनियां अपने टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और खुदरा बिक्री केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित



कर रही हैं। ओएमसी ने बताया कि बढ़ी हुई मांग को देखते हुए स्टॉक की स्थिति और वितरण व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। एलपीजी उपभोक्ताओं से डिजिटल माध्यम से गैस बुकिंग करने तथा थोक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं से अधिकृत चैनलों के माध्यम से ही डीजल खरीदने की अपील की गई है। कंपनियों ने नागरिकों से सामान्य खरीदारी व्यवहार बनाए रखने तथा ईंधन उपलब्धता संबंधी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का अनुरोध किया है।

## 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद का शिकार हुआ', अभिषेक बनर्जी ने हमले पर कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में अभिषेक बनर्जी पर कुछ लोगों द्वारा पथराव और अंडे फेंके जाने के एक दिन बाद रविवार को तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि वह 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' का शिकार हुए हैं। इस दिन, अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि आज मैं उन लोगों द्वारा फैलाई गई राजनीतिक हिंसा और राज्य प्रायोजित आतंकवाद के शिकार के रूप में खड़ा हूं, जो खुद को राष्ट्रवाद का रक्षक होने का दावा करते हैं। टीएमसी नेता ने घटना के बाद 'चिंता और निरंतर समर्थन' के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को धन्यवाद दिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव



और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी हमले की निंदा करने के लिए आभार जताया। तृणमूल सांसद ने कहा कि हम भारत की आत्मा की रक्षा करने, इसके लोकतांत्रिक संस्थानों का बचाव करने और हमारे संविधान में निहित मूल्यों को कायम रखने के अपने संघर्ष में एकजुट और दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल, मैंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पांच देशों की यात्रा की। मैंने अपने देश का पक्ष रखा और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा रहा। अभिषेक ने कहा कि आज की भाजपा की यही वास्तविकता है। अगर आप उनका समर्थन करते हैं, तो आप देशभक्त कहलाते हैं। अगर आप उन पर सवाल उठाते हैं, तो आप निशाने पर आ जाते हैं। अगर आप उनके साथ खड़े होते हैं, तो आपकी प्रशंसा होती है। अगर आप उनके खिलाफ खड़े होते हैं, तो वे आपको चुप कराने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता अस्थायी है। जनता सर्वोपरि है। मैं केवल जनता के समक्ष ही नतमस्तक होऊंगा, सत्ता में बैठे लोगों के समक्ष कभी नहीं। उन्होंने कहा कि सरकारों का मूल्यांकन न केवल उनके कार्यों से होता है, बल्कि उन कार्यों से भी होता है जिन्हें वे जानबूझकर नहीं करतीं। विपक्षी सांसद की सुरक्षा वापस लेना, स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद पुलिस तैनात करने से इनकार करना और सशस्त्र गुंडों को बेखौफ घूमने देना एक भयावह सच्चाई को उजागर करता है।

### अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के आरोप में 6 गिरफ्तार

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी पर शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में हुए हमले के मामले में पुलिस ने रातभर अभियान चलाकर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना की जांच के तहत सोनारपुर थाना पुलिस ने शनिवार की रात भर इलाके में तलाशी अभियान चलाया। गिरोफ्तार आरोपियों में दो लोगों के नाम तपन मैती एवं आकाश गायेन है। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार को अभिषेक बनर्जी चुनाव बाद हिंसा में एक मृत तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार से मिलने सोनारपुर गए थे। इस दौरान उन्हें स्थानीय लोगों के भारी विरोध और जनाक्रोश का सामना करना पड़ा था। आरोप है कि उनके काफिले पर अंडे और ईंट-पत्थर फेंके गए तथा कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को घेरकर नारेबाजी की। मृत कार्यकर्ता के घर तक पैदल जाते समय भी उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। घटना के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच की। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इन्हीं फुटेज के आधार पर छह आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना में और कौन-कौन लोग शामिल थे। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार सभी लोग स्थानीय निवासी हैं और घटना के समय मौके पर मौजूद थे। इलाके में अभी भी पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## अभिषेक बनर्जी को भर्ती कराने के लिए ममता ने निजी अस्पताल पर दबाव डाला : भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने अपने भतीजे और पार्टी नेता अभिषेक बनर्जी को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए एक निजी अस्पताल पर दबाव डाला, जबकि चिकित्सकों ने कोई गंभीर चोट नहीं पाई थी। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता देबजीत सरकार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में एक ऑडियो क्लिप साझा किया, जिसमें ममता बनर्जी को अभिषेक बनर्जी को भर्ती करने में अस्पताल की अनिच्छा पर कथित तौर पर नाराजगी जताते हुए सुना जा सकता है। हालांकि, समाज्ञा इस ऑडियो क्लिप या इसमें किए गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सकी है। देबजीत ने आरोप लगाया कि टीएमसी प्रमुख ने बेले व्यू अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को धमकाया और अस्पताल प्रशासन पर दबाव बनाया कि चिकित्सकीय रिपोर्ट में कोई गंभीर चोट नहीं पाये जाने के बावजूद डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी को भर्ती किया जाए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह चिकित्सा संस्थानों का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग करने का एक चिंताजनक प्रयास है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चिकित्सकों, प्रशासकों या स्वास्थ्य संस्थानों को डराने-धमकाने का कोई भी प्रयास जनता के विश्वास को कमजोर करता है और लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन है। इन आरोपों पर टीएमसी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

## हस्ताक्षर मामले की सीआईडी जांच पूरी होने तक तृणमूल को नहीं मिल सकती विपक्षी दल की मान्यता

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा के आगामी बजट सत्र से पहले तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विधानसभा में विपक्षी दल की मान्यता हासिल करने की उसकी कोशिश अब हस्ताक्षर मामले की सीआईडी जांच पर निर्भर करती दिख रही है। 22 जून से शुरू होने वाले बजट सत्र में तृणमूल के 80 विधायक मौजूद रहेंगे, लेकिन फिलहाल पार्टी को आधिकारिक विपक्षी दल का दर्जा नहीं मिला है। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, सीआईडी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस संबंध में कोई निर्णय लिया जाएगा। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सीआईडी जांच





में हस्ताक्षर जालसाजी के आरोप प्रमाणित हो जाते हैं, तो संबंधित विधायकों की सदस्यता तक रद्द हो सकती है। आरोप है कि विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर तापस राय के सामने जिन विधायकों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका मिलान परिषदीय दल के पत्र में मौजूद हस्ताक्षरों से नहीं हो रहा है। विधानसभा में शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विरोधी दलनेता घोषित करने के लिए परिषदीय दल की ओर से यह पत्र जमा कराया गया था। इस मामले में विधानसभा की ओर से हेयर स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। अब उसी शिकायत की जांच सीआईडी कर रही है।

## मदन मित्रा के आवास और पार्टी कार्यालय पर पुलिस का छापा

❑ **पुलिस ने ताला तोड़कर की एक घंटे तक तलाशी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल विधायक मदन मित्रा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। रविवार को बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने कमरहट्टी स्थित उनके आवास एवं पार्टी कार्यालय पर छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब भवन बंद था। इसके बाद, पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब एक घंटे तक तलाशी ली। जानकारी के अनुसार, इस भवन का नाम 'उदय विला' है। यहां कमरहट्टी से तृणमूल विधायक मदन मित्र का एक पार्टी कार्यालय भी संचालित होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि जिस जमीन पर यह भवन बना है, वह एक केंद्रीय एजेंसी के



स्वामित्व वाली है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि केंद्रीय एजेंसी की जमीन पर भवन का निर्माण किस प्रकार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तलाशी के दौरान कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले में जमीन के स्वामित्व और भवन निर्माण से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

## मेस्सी के कार्यक्रम में हुई तोड़फोड़ मामले में पूर्व मंत्री अरूप बिस्वास के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा**

गत 13 दिसंबर 2025 को साल्टलेक स्थित युवा भारती क्रीड़ांगन में आयोजित लियोनेल मेस्सी के इंडिया टूर कार्यक्रम के दौरान हुई तोड़फोड़ के मामले में राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास के खिलाफ बिधाननगर साउथ थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार की रात यह एफआईआर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता द्वारा 17 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज की। दत्ता ने पूर्व मंत्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 3(5), 308(2), 318(4), 351(2) और 61(2) के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। ये धाराएं कथित तौर पर टिकटों की कालाबाजारी, जबरन वसूली, आपराधिक धमकी और धोखाधड़ी जैसे आरोपों से संबंधित हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री को जल्द ही पूछताछ के लिए तलब किया जा सकता है। सतद्रु दत्ता ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर भी इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि सत्यमेव जयते। पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। मुख्यमंत्री, खेल मंत्री और डीजीपी का धन्यवाद। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अरूप बिस्वास ने मेस्सी कार्यक्रम के करीब 22,000 टिकटों की कथित रूप से कालाबाजारी की थी। इसी आरोप के आधार पर बिधाननगर साउथ थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ममता की बैठक में 80 में से केवल 20 विधायक रहे उपस्थित, बैठक स्थगित

❑ **आज तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर करेगी प्रदर्शन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी की अध्यक्षता में होने वाली नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों की बैठक रविवार को रद्द कर दी गई, क्योंकि 80 विधायकों में से लगभग तीन-चौथाई विधायक पहुंचे ही नहीं। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष ने विधायकों की अनुपस्थिति का कारण शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले और उसके बाद रविवार को पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी पर हुए कथित हमले के बाद उत्पन्न 'आकस्मिक और आपात



स्थिति' को बताया। घोष ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट आवास, जहां बैठक होनी थी, के बाहर पत्रकारों से कहा कि बैठक पहले से निर्धारित थी। हालांकि, हमारे नेताओं पर हुए हमलों के बाद, हमारे विधायक जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके चलते हमारे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि गैर-मौजूद विधायकों, जो जमीनी स्थिति संभालने और गिरफ्तार किए गए हमारे कार्यकर्ताओं की सहायता करने में व्यस्त हैं, ने विधायक दल को घटनाक्रम की जानकारी दी थी और अनुरोध किया था कि क्या बैठक को अस्थायी रूप से स्थगित किया जा सकता है। घोष ने कहा कि विधायकों के उस 'वैध अनुरोध' के मद्देनजर, तृणमूल विधायक दल ने बैठक को 'फिलहाल' रद्द करने का फैसला किया है, हालांकि लगभग 20 विधायक बैठक स्थल पर पहुंच चुके थे, जो अपराह्न 3 बजे शुरू होनी थी। घोष ने कहा कि हम यह बैठक बाद में आयोजित करेंगे, जिसकी जानकारी हमारे विधायकों को विधिवत दे दी जाएगी। हमारे सभी विधायकों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस कठिन समय में पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि नेताओं की कम उपस्थिति के बावजूद, ममता ने बैठक में उपस्थित लोगों से अनौपचारिक बातचीत की। हालांकि, घोष ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ अगले 48 घंटे में विरोध प्रदर्शन तेज करने के लिए पार्टी द्वारा लिए गए दो निर्णयों की जानकारी दी।

## मथुरापुर में ग्रामीणों ने तृणमूल सांसद के पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में तृणमूल कांग्रेस के सांसद बापी हलदर के पार्टी कार्यालय में रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने यह जानकारी दी। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यालय में बाढ़ राहत सामग्री अवैध रूप से रखी गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया और जमा हुए लोगों को तितर-बितर कर दिया गया। तृणमूल सांसद के मथुरपुर स्थित कार्यालय की खिड़कियों के शीशे बोर्ड तोड़ दिए गए और बोर्ड फाड़ दिया गया। भीड़ ने आरोप लगाया कि कार्यालय में बाढ़ राहत सामग्री रखी गई थी और कार्यालय एक जल निकाय पर अवैध रूप से बनाया गया था। हलदर ने आरोप लगाया कि तोड़फोड़ राज्य में सत्ता परिवर्तन का नतीजा है और दावा किया कि पार्टी कार्यालय में कुछ भी अवैध रूप से नहीं रखा गया था। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में लोगों की कठिनाई को कम करने के लिए राहत सामग्री हमने स्थानीय लोगों में बांटने के लिए खरीदी थी। तृणमूल के स्थानीय नेताओं ने भाजपा पर पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ का आरोप लगाया लेकिन सत्तारूढ़ दल ने इस आरोप से इनकार करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ऐसी किसी घटना में शामिल नहीं थे।

## 'बंगाल को राजनीतिक हिंसामुक्त करने की जरूरत', अभिषेक बनर्जी पर हमले को लेकर अधीर चौधरी ने कहा

**मुर्शिदाबाद :** सांसद अभिषेक बनर्जी पर कथित हमले की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल में हिंसा-मुक्त राजनीतिक माहौल की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रविवार को बहरमपुर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान उक्त बाते कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में दशकों से राजनीतिक हिंसा होती रही है और अब लोग इस तरह की घटनाएं देखने के अभ्यस्त हो चुके हैं, लेकिन लोकतंत्र में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एक संवाददाता सम्मेलन में अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी राजनीतिक हिंसा का सामना किया है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में रानीनगर क्षेत्र में उनकी गाड़ी को घेर



लिया गया था, उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और वाहन में तोड़फोड़ की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक विधायक को रास्ते में घेरकर हमला किया गया, यहां तक कि नामांकन दाखिल करने तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद प्रशासन ने अपेक्षित भूमिका नहीं निभाई और विपक्षी दलों को लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रयोग से रोका गया। अधीर ने कहा कि उनकी एकमात्र मांग है कि पश्चिम बंगाल में ऐसा राजनीतिक वातावरण बने जहां सभी पार्टी बिना भय के राजनीति कर सकें। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठी सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सभी राजनीतिक पार्टियों की सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकार सुनिश्चित करे। अभिषेक बनर्जी पर हुए कथित हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसी सांसद पर उसके संसदीय क्षेत्र में हमला होना बहादुरी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विफलता का संकेत है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस क्षेत्र में नगर निकाय, जिला परिषद, विधायक और सांसद सभी तृणमूल कांग्रेस के हैं, वहां अपने ही सांसद की सुरक्षा के लिए पार्टी का कोई नेता या कार्यकर्ता सामने क्यों नहीं आया। उन्होंने कहा कि यह सवाल तृणमूल कांग्रेस को स्वयं से पूछना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि चार मई को चुनावी जीत के बाद कई स्थानों पर तृणमूल के कार्यकर्ता जय श्रीराम के नारे लगाते हुए जुलूस निकालते दिखाई दिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इससे यह सवाल उठता है कि वर्षों तक जिस राजनीतिक संगठन पर गर्व किया गया, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी सांसद या जनप्रतिनिधि को अपने क्षेत्र में आने-जाने और लोगों से मिलने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। यदि कोई सांसद अपने ही संसदीय क्षेत्र में सुरक्षित महसूस नहीं करता, तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जिन लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहती है, वही व्यवस्था बाद में कमजोर पड़ जाती है। उन्होंने अंत में कहा कि पश्चिम बंगाल को राजनीतिक हिंसा की परंपरा से बाहर निकलना होगा।



# राहत सामग्री गबन और वसूली के आरोप में पूर्व तृणमूल विधायक गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** जिले में रविवार को पूर्व तृणमूल विधायक के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की गई। पूर्वस्थली उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तपन चटर्जी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, रविवार की सुबह पुलिस ने केंद्रीय बलों की मौजूदगी में तपन चटर्जी के आवास पर छापेमारी की। तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में सरकारी तिरपाल, फुटबॉल तथा अन्य सामग्री बरामद किए गए। पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस वैन से थाने ले जाते समय कुछ लोगों ने उनके खिलाफ चोर-चोर के नारे भी लगाए। बाद में, पुलिस ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया।

## पूर्व तृणमूल विधायक खोकन दास प्रयागराज में गिरफ्तार

**बर्दवान :** बर्दवान दक्षिण सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व विधायक खोकन दास को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया गया। राज्य की पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से हंडिया टोल प्लाजा के पास से खोकन दास को गिरफ्तार किया है। पूर्व विधायक के खिलाफ राज्य में जबरन वसूली समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस रिमांड लेकर टीएमसी के पूर्व विधायक खोकन दास को राज्य ले जाएगी। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक खोकन दास फार्च्यूनर कार से कोलकाता से दिल्ली जा रहे थे। कार को चालक चला रहा था। पुलिस ने उसको भी हिरासत में लिया है। रविवार की दोपहर करीब 1.15 बजे पुलिस ने हंडिया टोल प्लाजा के पास घेराबंदी करके पूर्व विधायक को गिरफ्तार कर लिया। कार को कब्जे में पुलिस ने थाने ले गई। ट्रांजिट रिमांड के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस खोकन दास को लेकर तत्काल प्रयागराज शहर रवाना हो गई।

## चुनाव हारने पर चुनाव परिणाम पर सवाल उठाये जाने लगते हैं : राज्यपाल



**सिलीगुड़ी :** राज्यपाल आर एन रवि ने रविवार को कहा कि जब कोई हारता है, तो चुनाव के परिणामों पर सवाल उठाए जाने लगते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हालांकि, यह समझा जा सकता है कि बाहरी लोग ऐसे प्रयास करेंगे, लेकिन देश के भीतर भी कुछ संस्थाएं संवैधानिक संस्थानों की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही हैं। रवि ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब फैसला किसी के पक्ष में नहीं आता, तो वे कहते हैं कि अदालत निष्पक्ष नहीं है। राज्यपाल ने किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल का नाम लिए बिना कहा कि चुनाव जीतने पर तो सब ठीक है, लेकिन हारने पर वे दावा करते हैं कि मतों की चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि यह भ्रम फैलाने और देश के विश्वास को तोड़ने का प्रयास है। राज्यपाल ने दावा किया कि इस तरह के प्रयासों में आंतरिक शत्रु बाहरी शत्रुओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे आत्मविश्वास को तोड़ने के प्रयास न केवल बाहरी लोगों द्वारा किए जा रहे हैं, बल्कि हमारे अपने लोगों द्वारा भी किए जा रहे हैं।

### कस्बा में होटल के कमरे से शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** कस्बा थाना इलाके में एक होटल के कमरे से एक शव बरामदगी से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान प्रशांत मिस्त्री (43) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर करीब 12.30 बजे राजडांगा मेन रोड स्थित एक होटल के कमरे से प्रशांत मिस्त्री अचेत हालत में बरामद किया गया। पुलिस उसे एमआर बांगुर अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा।



समाजसेवी विकास जायसवाल ने परम पूज्य स्वामी श्रीराजेन्द्र दास देवाचार्य जी महाराज से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने विद्यालय में लगाया वाटर कूलर, विद्यार्थियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**हावड़ा, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की सेंट्रल हावड़ा जिला इकाई द्वारा समाज सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से श्री हनुमान बालिका विद्यालय, बांधघाट (हावड़ा) में विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल ने कहा कि जल सेवा मानवता की सर्वोत्तम सेवा है और प्यासे को जल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम में उत्तर हावड़ा के विधायक उमेश राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेंट्रल हावड़ा जिला इकाई की अध्यक्ष स्मिता जालान सहित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों में



अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश भरतिया, सुलेखा भरतिया, स्मिता जालान, नवरत्न जालान, संजय सिंगला, विजय अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, इंद्रा अग्रवाल, संजय लाठ, उषा लाठ, प्रकाश किल्ला, प्रवीण भूत, कुसुम अग्रवाल, क्षमा पोद्दार, विनोद बंसल, साक्षी अग्रवाल एवं नवीन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में शंभू मोदी, कुसुम मोदी, विक्रम अग्रवाल, भरत शाह, संदीप चौधरी, सुभाष अग्रवाल, मीरा बालोदिया, ललिता राजगढ़िया एवं श्रीमती बंसल की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधान अध्यापक तारक पांडेय ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस जनोपयोगी कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

## बांकुड़ा मेडिकल कॉलेज में शौचालय की जगह बनी अवैध कैंटीन

### 28 लाख की अनियमितता का आरोप

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा सम्मिलनी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में अतिक्रमण हटाने के बाद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिस जमीन पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होना था, वह पूरी तरह गायब पाया गया और वहां अवैध कैंटीन संचालित होती मिली। जानकारी के अनुसार, अस्पताल परिसर में निर्धारित स्थान पर शौचालय बनाने की योजना थी, लेकिन मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि वहां एक बड़ी अवैध खाने-पीने की दुकान खड़ी कर दी गई थी। इससे निर्माण कार्य और परियोजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अवैध कैंटीन को हटाने के बाद प्रशासन भी हैरान रह गया।



दुकान के पीछे छिपा हुआ सरकारी परियोजना का आधारशिला शिलापट्ट भी बरामद हुआ, जिससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया। इस घटना के बाद 'मिशन निर्मल बाग्ला' परियोजना में करीब 28 लाख रुपये की कथित अनियमितता को लेकर जिले की राजनीति में भारी हलचल मच गई है। मामले की जांच और जिम्मेदारों की पहचान की मांग तेज हो गई है।



वृक्षारोपण कार्यक्रम करने वाली हावड़ा की अग्रणी संस्था ग्रीन एनवायरंस ने नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान किया। चित्र में परिलक्षित है भाजपा के बाली विधान सभा क्षेत्र के विधायक संजय सिंह संस्था के सदस्यों के साथ।



उत्तर हावड़ा में पंजाब लेन किंग्स रोड नागरिक वृंद द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा विधायक उमेश राय समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## हार्टफुलनेस अभियान के तहत सामूहिक ध्यान एवं प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हार्टफुलनेस अभियान के अंतर्गत लिलुआ स्थित गुहा पार्क केंद्र में एक विशेष सामूहिक ध्यान एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर ध्यान की विभिन्न विधियों का अनुभव प्राप्त किया। यह अभियान 165 से अधिक देशों में संचालित एक वैश्विक आध्यात्मिक पहल है, जो स्वयंसेवकों के सहयोग से निःशुल्क ध्यान (मेडिटेशन) तकनीक सिखाने का कार्य कर रहा है। पद्मभूषण कमलेश पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि बाली विधानसभा के विधायक संजय सिंह एवं अतिथियों ने शामिल होकर उपस्थित साधकों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में हृदय-केंद्रित ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, तनाव मुक्ति एवं सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित किया गया, साथ ही अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान की सरल एवं प्रभावी विधियों का मार्गदर्शन दिया गया। लिलुआ केंद्र प्रशिक्षक पंकज त्रिपाठी, हावड़ा को-ऑर्डिनेटर एच पी सिंह, श्रीकिशुन यादव, संजय चौरसिया, नीतू दीक्षित, हरविंदर कौर, निशी शुक्ला, विभा बाजपेई, प्रखर, अनुराग, अनुशूलीका, अमित, अभय, अमिता, रेणु त्रिपाठी, महेन्द्र, सतीश अग्रवाल, रीता सिंह, गिन्नी जयसवाल एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।





ईस्ट बंगाल क्लब के आईएसएल चैंपियन बनने की खुशी में 13 नंबर राजा नव कृष्णा स्ट्रीट के लोगों में खुशी, मनाया जश्न।

## दुर्गापुर में सफाई पाउडर के बेचने के बहाने महिला से ठगी

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के दुर्गापुर के सिटी सेंटर क्षेत्र में ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दो अज्ञात व्यक्तियों ने घरेलू उपयोग के सफाई उत्पाद का प्रचार करने के बहाने एक बुजुर्ग महिला को अपने झांसे में लेकर उनके बहुमूल्य आभूषण ठग लिए और फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में चिंता का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना सिटी सेंटर स्थित मातंगिनी हाजरा रोड के एक आवास में हुई। शनिवार को दो व्यक्ति स्वयं को सफाई उत्पाद विक्रेता बताकर घर पहुंचे। उन्होंने महिला को बताया कि उनके पास एक विशेष प्रकार का सफाई पाउडर है, जिससे तांबे, पीतल और अन्य धातुओं की वस्तुएं आसानी से चमकाई जा सकती हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने उत्पाद का प्रदर्शन करने की इच्छा जताई। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने पहले महिला का विश्वास जीता और फिर कुछ आभूषण साफ करने के लिए मांगे। महिला ने अपने कुछ आभूषण उन्हें सौंप दिए। इसके बाद आरोपितों ने सफाई की प्रक्रिया का नाटक किया और मौका पाकर असली आभूषणों की जगह नकली वस्तुएं रख दीं। जब महिला ने आभूषणों की जांच की तो उन्हें संदेह हुआ। ध्यान से देखने पर पता चला कि उनके असली आभूषण गायब हैं। इसके बाद, उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार के सदस्यों ने तुरंत पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां कैद होने की बात सामने आई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी हुई है।

## तूफान के बाद सतर्क हुआ पूर्व रेलवे, ट्रैक किनारे पेड़ों की छंटाई के लिए नागरिकों से मांगा सहयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल में रेल सेवाओं के प्रभावित होने के बाद पूर्व रेलवे ने रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले नागरिकों से सुरक्षा अभियान में सहयोग की अपील की है। रेलवे प्रशासन ने लोगों से अपने परिसरों में स्थित जोखिमपूर्ण पेड़ों एवं शाखाओं की समय पर छंटाई कराने अथवा रेलवे की टीमों को सहयोग देने का अनुरोध किया है, ताकि ओवरहेड विद्युत तारों (ओएचई) को नुकसान और रेल परिचालन में व्यवधान को रोका जा सके।

पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि रेलवे लाइन के निकट स्थित पेड़ों की छंटाई इस प्रकार की जानी चाहिए कि यदि पूरा पेड़ भी ट्रैक की ओर गिर जाए, तब भी उसकी किसी शाखा और निकटतम रेलवे ट्रैक के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी बनी रहे। 29 मई को आए तूफान के दौरान दमदम, कल्याणी, बारासात और सोनारपुर सहित 12 स्थानों पर पेड़, भारी शाखाएं तथा निजी बैनर ट्रैक एवं



ओएचई लाइनों पर गिर गए, जिससे रेल सेवाएं प्रभावित हुईं।

मानसून से पहले पूर्व रेलवे द्वारा 26,509 जोखिमपूर्ण पेड़ों की पहचान कर व्यापक वृक्ष छंटाई अभियान चलाया जा रहा है। इनमें से 21,384 पेड़ों की छंटाई पूरी की जा चुकी है। सियालदह मंडल में 7 जून की समयसीमा से पहले हटाए जाने वाले 735 शेष जोखिमपूर्ण पेड़ों में से 351 निजी भूमि पर स्थित हैं। रेलवे प्रशासन संबंधित संपत्ति मालिकों को नोटिस जारी कर रहा है। वहीं, आसनसोल, हावड़ा और मालदह मंडलों में भी निजी भूमि संबंधी विवादों के कारण सुरक्षा कार्यों में देरी हो रही है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपने परिसरों का निरीक्षण करने, तीन मीटर की अनिवार्य सुरक्षा दूरी बनाए रखने तथा रेलवे टीमों को पूरा सहयोग देने की अपील की।

### बिनायक एनक्लेव में रबींद्र नजरुल संध्या 2026 का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिनायक एनक्लेव ऑनर्स एसोसिएशन द्वारा रबींद्र नजरुल संध्या का आयोजन एनक्लेव परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व कवि गुरुदेव रबींद्र नाथ टैगोर और बहुमुखी प्रतिभा के धनी लोकप्रिय कवि काजी नजरुल इस्लाम के गीतों पर आधारित गायन, वादन और नृत्य का कार्यक्रम कोलकाता के मशहूर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे बच्चों का सांस्कृतिक गीत पर नृत्य का अनोखा संगम देखने को मिला। चाहे गीत का प्रस्तुतीकरण हो या नृत्य का एनक्लेव परिसर में बैठे लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित नाटकों के पार्श्व ध्वनि पर नृत्य नाटिका का मंचन अद्भुत और आकर्षणीय था। इस कार्यक्रम में एनक्लेव के कलाकारों द्वारा भी अनेक प्रस्तुति दी गई। दोनों महानतम कवियों की जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर हुए इस कार्यक्रम में उनके द्वारा रचित कविताओं का पाठ भी किया गया। श्रोता और दर्शक मंत्र मुग्ध हो देर रात तक चले कार्यक्रम में मानों अपने स्थान पर जड़ हो गये हों। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों खासकर महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही।

## आरईसीए कोलकाता के वर्ष 2026-27 की समिति गठित


**कोलकाता, समाज्ञा :** रियल्टर्स एंड एस्टेट कंसल्टेंट्स एसोसिएशन (आरईसीए) का वर्ष 2026-27 के कार्यकाल हेतु चुनाव 30 मई को हल्दीराम बैंक्वेट, बालीगंज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में 108 सदस्यों ने बैलेट प्रणाली के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन विनीत कोठारी ने चुनाव अधिकारी के रूप में किया, जबकि अशोक अजीतसरिया ने चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। चुनाव पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। विजयी उम्मीदवारों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की और 2026-27 कार्यकाल के लिए निम्नलिखित



पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष अनंत जैन, सचिव सुनील जायसवाल और कोषाध्यक्ष नितीन वैद्य शामिल है। उपस्थित सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव-निर्वाचित टीम ने सभी सदस्यों के विश्वास, समर्थन, आशीर्वाद एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में आरईसीए कोलकाता के और अधिक सशक्त, संगठित एवं प्रगतिशील बनने की आशा व्यक्त की गई।

## खड़गपुर आईआईटी निदेशक हुए साइबर ठगी के शिकार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** देश के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थान आईआईटी खड़गपुर के निदेशक सुमन चक्रवर्ती का व्हाट्सऐप अकाउंट हैक होने का मामला सामने आया है। हैकरों ने उनके नाम से दोस्तों, परिचितों, शिक्षकों और छात्रों को संदेश भेजकर पैसे मांगने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार, कई लोगों को व्हाट्सऐप पर संदेश मिला कि उनका यूपीआई काम नहीं कर रहा है और उन्हें तत्काल 40 हजार से 55 हजार रुपये तक की जरूरत है। संदेश में यह भी कहा गया कि रकम कुछ घंटों के भीतर वापस कर दी जाएगी। ऐसे संदेश मिलने के बाद परिजनों और परिचितों ने निदेशक को



इसकी जानकारी दी। तब उन्हें पता चला कि उनका व्हाट्सऐप अकाउंट हैक कर लिया गया है। इसके बाद, उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सतर्क करते हुए बताया कि उनके नाम से भेजे जा रहे पैसों से जुड़े किसी भी संदेश पर भरोसा न करें और किसी को पैसा न भेजें।

## सीकर नागरिक परिषद का 110वां नुक्कड़ चिकित्सा शिविर संपन्न, 107 लोगों ने उठाया लाभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा रविवार को बी.बी. गांगुली स्ट्रीट में 110वें नुक्कड़ सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 107 लोगों की बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में 83 मरीज चश्मा योग्य पाए गए, जिनमें से 71 लोगों को तत्काल चश्मे उपलब्ध करा दिए गए, जबकि शेष को सप्ताहांत तक प्रदान किए जाएंगे। वहीं, 12 मरीज आईओएल ऑपरेशन योग्य पाए गए, जिनका ऑपरेशन शीघ्र कराया जाएगा। यह जानकारी परिषद के सह सचिव नवनीत सोढानी एवं सह-संयोजक आदित्य विक्रम बियानी ने दी। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया तथा अध्यक्ष ब्रह्मानंद



अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और परिषद के स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने सहयोगकर्ताओं, चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि परिषद भीषण गर्मी में महावीर प्रसाद जयभगवान सांवरिया के सहयोग से शीतल शरबत तथा नरेश मांवडिया एवं तृप्ति आचार्य के सहयोग से राहगीरों को खिचड़ी वितरित कर रही है। शिविर को सफल बनाने में अंकित चौधरी, गोपाल सीकरिया, राजेश साव, मनोज यादव, राखाल राय एवं उनकी टीम के साथ स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# 'भाजपा समर्थकों ने पुलिस थाने के बाहर मुझ पर हमला किया', तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी का दावा

**हुगली, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि हुगली जिले में एक पुलिस थाने के बाहर भाजपा समर्थकों द्वारा हमला किये जाने के कारण उनके सिर पर चोट लगी है। उन्होंने कहा कि वह विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में एक ज्ञापन सौंपने के लिए वहां गए थे। कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन पर हुए हमले के लिए भाजपा के समर्थक जिम्मेदार हैं। इस दिन, चंडीतला पुलिस थाने के बाहर तब तनाव व्याप्त हो गया, जब लोगों के एक समूह ने कल्याण बनर्जी को काले झंडे दिखाये और उन्हें तथा तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों को 'चोर' कहा।

कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान उनके सिर पर चोट लगी और वह घायल हो गये। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में इस घटना के लिए भाजपा समर्थकों को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ पुलिस के सामने हुआ। मेरे सिर पर चोट लगी है और खून बह रहा है। लोकसभा सदस्य ने पुलिस की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए धरना दिया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस 'भाजपा प्रायोजित हमलों' के खिलाफ अपना विरोध जारी रखेगी। हिंसा की किसी भी प्रकार की घटना को रोकने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है। कल्याण बनर्जी ने कहा कि कल अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ, आज मुझ पर हुआ। ऐसे हमले हमें डरा नहीं पाएंगे और न ही हमें चुप करा पाएंगे। भाजपा सरकार की राजनीतिक धमकियों, सरकारी तंत्र के दुरुपयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों के लगातार क्षरण के खिलाफ हमारा संघर्ष बिना रुके जारी रहेगा।

## घायल सांसद से मिलने उनके घर पहुंचीं ममता, भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का लगाया आरोप



चंडीतला में हुए हमले में घायल तृणमूल कांग्रेस सांसद व लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी का हालचाल जानने के लिए रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी उनके आवास पहुंचीं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता ने कल्याण बनर्जी की शारीरिक स्थिति की जानकारी ली और घटना के संबंध में विस्तार से बातचीत की। रविवार दोपहर चंडीतला में हुई घटना के बाद वह अपने घर लौटे, जिसके कुछ ही समय बाद करीब 3 बजे ममता बनर्जी उनके आवास पहुंचीं। इससे पहले ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर घटना की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि पहले लोकसभा में पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी और आज लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक कल्याण बनर्जी पर हमला हुआ है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी ने कल्याण बनर्जी से मुलाकात के दौरान हमले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि हमला कैसे हुआ, कितने लोग इसमें शामिल थे, चोट कहां लगी।

## आज से राज्य के सरकारी बसों में महिलाएं कर सकेंगी मुफ्त सफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की नई भाजपा सरकार सोमवार, एक जून से राज्य द्वारा संचालित सभी सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा सेवा विधिवत रूप से शुरू करने जा रही है। नौ मई को सरकार गठन के एक माह के भीतर यह सेवा शुरू होने जा रही है। राज्य परिवहन विभाग द्वारा 21 मई को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा संचालित कम और लंबी दूरी की सभी सरकारी बसों में महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा राज्य सचिवालय 'नवान्न' से इसकी आधिकारिक शुरुआत किए जाने की उम्मीद है। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और सार्वजनिक परिवहन तक उनकी पहुंच में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।



कोलकाता के ऑल्ट एयर होटल में आयोजित प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर में केंद्र और राज्य के सभी शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

## हावड़ा जिला अस्पताल में बनेगा स्थायी पुलिस कियोस्क

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने की तैंयारी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिला अस्पताल परिसर में लंबे समय से नशाखोरी, चोरी, छिनतई, अवैध पार्किंग और अन्य असामाजिक गतिविधियों की शिकायतों के बीच सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अस्पताल परिसर में जल्द ही एक स्थायी पुलिस कियोस्क स्थापित किया जाएगा, जहां 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। यह जानकारी शिवपुर के भाजपा विधायक रुद्रनील घोष ने अस्पताल में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए यह पहल की जा रही है। रुद्रनील घोष ने कहा कि राज्य सरकार की योजना हावड़ा जिला अस्पताल को भविष्य में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने की है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को भी अवगत कराया गया है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की इस पहल को स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गोल्फ ग्रीन में फ्लैट से युवक और युवती के शव बरामद, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण कोलकाता के गोल्फ ग्रीन इलाके में एक फ्लैट से एक युवक और एक युवती के शव बरामद किए गए। दोपहर में जब शव बरामद किए गए, तब फ्लैट के अंदर कथित तौर पर नशे की हालत में पाए गए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि मृतक की पहचान पूर्वी कोलकाता के तिलजला इलाके के निवासी मोहम्मद दिलशाद के रूप में हुई है। हालांकि, वह नियमित रूप से गोल्फ ग्रीन स्थित फ्लैट में आता-जाता था। पुलिस के अनुसार, दिलशाद ने फ्लैट किराए पर लिया था और वह अक्सर अलग-अलग लोगों के साथ वहां आता-जाता था। रविवार की सुबह फ्लैट में दो लोगों के शव मिले। उनमें से एक दिलशाद था, जबकि दूसरी एक युवती थी।

पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट के लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी। दिलशाद के साथ उसके रिश्ते की सही प्रकृति का भी अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि दोनों के बीच संबंध थे। पुलिस ने बताया कि शव बरामदगी के समय फ्लैट में मौजूद दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि चारों लोग फ्लैट में क्यों इकट्ठा हुए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिसर से बड़ी मात्रा में संदिग्ध मादक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोल्फ ग्रीन स्थित एक फ्लैट से एक पुरुष और एक महिला के शव बरामद किए गए हैं। फ्लैट में मौजूद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा। घटना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच जारी है।

## अंजनी पुत्र सेना की सांगठनिक समन्वय बैठक संपन्न, विस्तार एवं भविष्य की रणनीति पर हुआ मंथन



**हावड़ा :** अंजनी पुत्र सेना द्वारा संगठन की सांगठनिक समन्वय बैठक का आयोजन रविवार को दक्षिण हावड़ा प्रभारी के नेतृत्व में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बंगाल में संभावित सत्ता परिवर्तन के उपरांत व्यापक व्यवस्था परिवर्तन की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संगठन की सामाजिक जिम्मेदारियों, उसके विस्तार तथा भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में विभिन्न अंचलों से बड़ी संख्या में युवा टोली बनाकर शामिल हुए। इस अवसर पर अनेक युवाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कर अंजनी पुत्र सेना से जुड़ने का संकल्प लिया। वहीं, संगठन की मातृशक्ति इकाई को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से दुर्गा स्वरूपिणी बहनों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष नरसिंह दास राठी, उपाध्यक्ष बबन दूबे एवं दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित ताम्बी तथा संस्थापक एवं सचिव सुरेंद्र वर्मा ने संगठन की वर्तमान गतिविधियों, सामाजिक दायित्वों और आगामी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। संगठन की संरचनात्मक शक्ति को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए शीघ्र ही मध्य एवं उत्तर बंगाल क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की सांगठनिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

### अभिषेक बनर्जी पर कथित हमले के विरोध में सड़क जाम,

## पुलिस से धक्का-मुक्की के आरोप में पूर्व विधायक असित मजूमदार समेत 10 गिरफ्तार



**हुगली :** पुलिस के काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने के आरोप में चूंचुड़ा के पूर्व तृणमूल कांग्रेस विधायक असित मजूमदार समेत 10 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार सुबह हुई इस कार्रवाई के बाद इलाके में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ सोनारपुर में हुई कथित हमले की घटना के विरोध में हुगली के पिपुलपाती इलाके में तृणमूल कांग्रेस द्वारा सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस आंदोलन का नेतृत्व चूंचुड़ा के पूर्व विधायक असित मजूमदार कर रहे थे।

शनिवार को सोनारपुर जाते समय अभिषेक बनर्जी कथित तौर पर जनाक्रोश का सामना करने को मजबूर हुए थे। उनके काफिले की ओर कच्चे अंडे, जूते और ईंट के टुकड़े फेंके जाने के आरोप लगे थे। उन्हें चोर-चोर के नारे भी सुनने पड़े। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि अभिषेक बनर्जी के हेलमेट को हटाकर उनके साथ मारपीट भी की गई।

इस घटना के विरोध में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पिपुलपाती में सड़क अवरुद्ध कर प्रदर्शन शुरू किया। पुलिस जब सड़क से अवरोध हटाने पहुंची तो प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मियों को उनके कर्तव्य निर्वहन से रोका गया और उनके साथ धक्का-मुक्की भी की गई। बाद में पुलिस ने सड़क जाम समाप्त कराकर यातायात सामान्य कराया।

इसी मामले में रविवार सुबह चूंचुड़ा थाना पुलिस ने पूर्व विधायक असित मजूमदार के अलावा चूंचुड़ा नगरपालिका के चेयरमैन सौमित्र घोष, वाइस चेयरमैन पार्थ साहा, पार्षद रंजन राहा, निर्मल चक्रवर्ती, समीर सरकार समेत कुल 10 तृणमूल कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार सभी लोगों को पहले चूंचुड़ा इमामबाड़ा सदर अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए ले जाया गया। मेडिकल जांच के बाद उन्हें अदालत में पेश किए जाने की तैयारी की गई।

घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस और प्रशासन के बीच तनाव बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सरकारी कामकाज में बाधा डालने के आरोपों के आधार पर कार्रवाई की गई है, जबकि तृणमूल कांग्रेस इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बता रही है।

## सनातन है तो भारत है और भारत है तो सनातन है : स्वामी चिदानंद सरस्वती



कुमारसभा द्वारा प्रवर्तित विवेकानंद सेवा सम्मान 2026 से स्वामी चिदानंद सरस्वती (ऋषिकेश) को सम्मानित करते हुए पश्चिम बंगाल के पंचायत, ग्रामीण, कृषि एवं पशु संसाधन विकास मंत्री दिलीप घोष। साथ में महावीर रावत, मनीष जैन, महावीर बजाज, डॉ. तारा दूगड़, राधेश्याम गोयनका, सज्जन कुमार तुलस्यान, भागीरथ चांडक एवं बंशीधर शर्मा।

❑ **स्वामी चिदानंद सरस्वती को 'विवेकानंद सेवा सम्मान-2026' से सम्मानित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सनातन है तो भारत है और भारत है तो सनातन है। सनातन का अर्थ कुछ के लिए नहीं, सबके लिए है। हम अपने-अपने ढ़ंग से व्यक्तिगत देवभक्ति करें किंतु आज समय आ गया है कि देशभक्ति' हमसब मिलकर करें। सनातन कहता है जीओ और जीवन दो। यह लड़ने मिटने का नहीं, साथ साथ जीने का समय है। आज मानवता को महाभारत नहीं महान भारत की आवश्यता है। भारत पीस ऑफ लैंड नहीं अपितु लैंड ऑफ पीस है।' - ये उद्गार हैं दिव्यांग मुक्त भारत के सूत्रधार एवं परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश) के संस्थापक-अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती के, जो श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा नेशनल लाइब्रोरी सभागार में शनिवार 30 मई को आयोजित 40वें विवेकानंद सेवा सम्मान समारोह में समादृत उपरांत बोल रहे थे। समारोह में स्वामी जी को सम्मान स्वरूप 1 लाख रुपये की राशि एवं मानपत्र प्रदान किया।

समारोह के प्रधान अतिथि पश्चिम बंगाल के ऊर्जावान मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि ऋषियों एवं विद्वानों की धरती पश्चिम बंगाल में आज जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह हिन्दू के एकजुट होने का परिणाम है। हिन्दू जगेगा तो देश जगेगा यानी हिन्दू एकजुट होता है तो कुछ भी असंभव नहीं है। स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति में मानवसेवा के महत्व को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया एवं स्वामी चिदानंद जी की मानवसेवा उसी सेवाभाव की महती कड़ी है। विशिष्ट अतिथि एवं प्रख्यात आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुलस्यान ने स्वामी विवेकानन्द के चिंतन और आदर्शों पर चलने पर बल दिया तथा कुमारसभा के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की। समारोह के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध उद्योगपति राधेश्याम गोयनका ने स्वामी चिदानंद जी की सेवा कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन साहित्यमंत्री डॉ. तारा दूगड़ ने किया। स्वागत भाषण कुमारसभा के अध्यक्ष महावीर बजाज ने दिया तथा कल्याण मंत्र का पाठ किया उपमंत्री सत्यप्रकाश राय ने। प्रारंभ में मीता गाड़ोदिया ने स्वामीजी पर केन्द्रित ओ वरेण्य योद्धा संन्यासी' गीत प्रस्तुत किया। अजयेन्द्रनाथ त्रिवेदी के वैदिक मंत्रों के साथ खुशबू बजाज एवं शरण्या दूगड़ ने तिलक तथा सज्जन कुमार तुलस्यान, भागीरथ चांडक, बंशीधर शर्मा, राधेश्याम गोयनका तथा दिलीप घोष ने शॉल, श्रीफल, चेक एवं मानपत्र से पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी का विधिवत सम्मान किया। विनोद बागडोदिया, महावीर प्रसाद रावत, आचार्य राकेश कुमार पाण्डेय एवं नन्दकुमार लढ़ा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

समारोह में पद्मश्री प्रहलादराय अग्रवाल, कुंजबिहारी अग्रवाल, बनवारीलाल सोती, सांवरमल अग्रवाल, अशोक मोदी, जे. एस. मेहता, विजय चोरड़िया, प्रो. अजय प्रताप सिंह, मुरारीलाल दीवान, जगमोहन बागला, काशीप्रसाद खंडेलवाल, अमरनाथ चौधरी, नन्दकिशोर लखोटिया, सोमनाथ अडूकिया, गोपाल भालोटिया, राजेन्द्र कानूनगो, ओमप्रकाश रावत, कौशल किशोर त्रिवेदी, पुरुषोत्तम तिवारी, रतनलाल अग्रवाल, सागरमल गुप्ता, शिवकुमार लोहिया, गोविंद सारड़ा, शांता सारड़ा, शंकरलाल अग्रवाल, डॉ. विन्देरी प्रसाद सिंह, हरिशंकर झंवर, मनोज पराशर, प्रभुदयाल पारीक, राजकुमार व्यास, नरेन्द्र डागा, दयाशंकर मिश्र, विनय जायसवाल, कृष्णकुमार खण्डेलवाल, अरुणप्रकाश मल्लावत, रामचन्द्र अग्रवाल, अजय मिश्रा, इंद्र नाहटा, यादवकुमार चन्नाणी, रामपुकार सिंह, सावित्री रावत एवं गायत्री बजाज प्रभृति कोलकाता एवं हावड़ा के सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह को सफल बनाने में राजीव शरण, संजय रस्तोगी, भागीरथ सारस्वत, संजय मंडल, मनीष जैन, मनोज काकड़ा, चन्द्रकुमार जैन, श्रीमोहन तिवारी, बिपुल दूगड़ एवं अरुण सिंह आदि सक्रिय थे।

# विदेश की खबरें

## म्यांमा में इमारत में विस्फोट, 45 से अधिक लोगों की मौत



**बैंकॉक :** पूर्वोत्तर म्यांमा में रविवार को एक इमारत में हुए विस्फोट में 45 से अधिक लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस इमारत में खनन गतिविधियों में इस्तेमाल के लिए विस्फोटक सामग्री रखी गई थी। बचावकर्मियों और स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, नामखाम कस्बे के कौंगटुप गांव में दोपहर में हुए विस्फोट में लगभग 70 लोग घायल हो गए। चीन सीमा से लगभग चीन किलोमीटर दक्षिण में स्थित यह क्षेत्र ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) के नियंत्रण में है, जो म्यांमा सरकार से लड़ रहा एक जातीय सशस्त्र समूह है। विस्फोट स्थल पर पहुंचे एक बचावकर्मी ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रविवार शाम तक छह बच्चों सहित 46 लोगों के शव बरामद हुए और उन्हें अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया है। बचावकर्मी ने सुरक्षा कारणों से नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि 74 घायलों को नामखाम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और बचाव अभियान जारी है। एक अन्य बचावकर्मी ने बताया कि विस्फोट में कम से कम 40 लोग मारे गए और इमारत के आसपास स्थित 100 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। म्यांमा की ऑनलाइन समाचार एजेंसी 'श्वे फी म्याई' सहित कुछ अन्य मीडिया संस्थानों ने अपनी खबरों में मृतकों की संख्या 50 से 55 तक बताई है। उन्होंने कुछ तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं, जिनमें इमारत से निकलते धुएं के गुबार और आसपास क्षतिग्रस्त मकानों के मलबे को देखा जा सकता है।

चीन के सरकारी समाचार चैनल 'सीसीटीवी' ने अपनी खबर में कहा कि विस्फोट में कई लोग हताहत हुए हैं और बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हालांकि, उसने इस संबंध में कोई आंकड़ा नहीं जारी किया। 'सीसीटीवी' ने अपनी खबर में कहा कि शुरुआती जांच के अनुसार, विस्फोट उस जगह पर हुआ, जहां खनन कार्यों में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक पदार्थों का बड़ी मात्रा में भंडारण किया गया था। खबर में कहा गया है कि स्थानीय अधिकारी प्रभावित निवासियों को राहत, चिकित्सा देखभाल और पुनर्वास सहायता प्रदान करने में जुटे हैं।

## इजराइल ने लेबनान में रणनीतिक रूप से अहम किले पर कब्जा किया

**बेरूत :** इजराइली सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में रणनीतिक रूप से अहम पहाड़ी पर कब्जा कर लिया है जिसके शीर्ष पर ब्यूफोर्ट किला स्थित है। यह 26 वर्ष से अधिक समय में लेबनान में इजराइली सेना का सबसे भीतर किया गया कब्जा है। इजराइली सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।इजइराली सेना ने नबातियेह शहर के पास स्थित ब्यूफोर्ट किले पर आसपास के गांवों में कई दिन तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद कब्जा किया। इजराइली सैनिकों ने इन गांवों के दुर्गम इलाके में हिजबुल्ला सदस्यों से लड़ाई लड़ी।किले पर कब्जा करना मार्च की शुरुआत में इजराइल-हिजबुल्ला के बीच ताजा युद्ध शुरू होने के बाद इजराइल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब 1948 में इजराइल के गठन के बाद से युद्ध की स्थिति में रहे दोनों देश वाशिंगटन में सीधी वार्ता कर रहे हैं। इजराइल की यह कार्रवाई 17 अप्रैल से लागू नाममात्र के संघर्षविराम के बावजूद हुई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब अगले दौर की वार्ता दो और तीन जून को अमेरिकी विदेश मंत्रालय में होनी है।इजराइली सेना के अरबी भाषा के प्रवक्ता अवीचाय अद्राई ने 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की जिसमें इजराइली सैनिक किले के बाहर चलते दिख रहे हैं। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने 'एक्स' पर लिखा कि सैनिकों ने किले पर इजराइल का ध्वज फहरा दिया है। इससे पहले 1982 में इजराइली सैनिकों ने इस किले पर कब्जा किया था और 2000 में लेबनान से वापसी तक इस पर उनका कब्जा रहा था।इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने कुछ दिन पहले ब्यूफोर्ट रिज और उससे आगे दक्षिण में सुलुकी घाटी में अभियान शुरू किया था, जिसका उद्देश्य हिजबुल्ला के ढांचे को नष्ट करना और ''इजराइली नागरिकों के लिए प्रत्यक्ष खतरों'' को दूर करना था।बयान में कहा गया कि सेना जरूरत पड़ने पर अपने ''अभियान का विस्तार करने'' के लिए तैयार है।

## चीन में अवैध खनन के दौरान खदान ढही, पांच लोगों की मौत

**बीजिंग :** चीन में अवैध खनन के दौरान खदान ढहने से रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने यह जानकारी दी। 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, यह घटना दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत के हुइजे काउंटी में सुबह लगभग 4:30 बजे हुई। समाचार एजेंसी ने यह नहीं बताया कि यह किस प्रकार की खदान थी। खबर के मुताबिक, बचाव दल ने बाईवु गांव में फंसे सभी छह लोगों को बाहर निकालकर उन्हें अस्पताल भेजा, लेकिन उनमें से पांच ने दम तोड़ दिया। इसमें बताया गया है कि जीवित बचे व्यक्ति की हालत स्थिर है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री की भारतीय भूमि पर 'अतिक्रमण' संबंधी टिप्पणी से विवाद



**काठमांडू :** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने रविवार को कहा कि उन्हें उनके देश द्वारा भारत के कुछ क्षेत्रों पर अतिक्रमण करने के बारे में पता चला है। उन्होंने यह टिप्पणी लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद पर संसद में सवालों के जवाब देने के दौरान की। संसद के 11 मई को शुरू हुए मौजूदा सत्र में अपनी पहली उपस्थिति में, शाह ने आगे कहा कि भारत और नेपाल ने इतिहासकारों, सर्वेक्षकों और विशेषज्ञों की मदद लेकर समाधान खोजने पर सहमति जताई है और कहा कि काठमांडू ने इस मामले को चीन और ब्रिटेन के साथ भी उठाया है। नेपाल और भारत के बीच लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को लेकर पुराना सीमा विवाद है जिसमें दोनों देश अपना दावा करते हैं। भारत का कहना है कि ये क्षेत्र उत्तराखंड का हिस्सा हैं और इस मुद्दे को द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। नयी दिल्ली ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन इस महीने की शुरुआत में, भारत ने लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरने वाली आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को खारिज करते हुए, इस क्षेत्र पर काठमांडू के क्षेत्रीय दावों को एकतरफा कृत्रिम विस्तार करार दिया था, जिसे नयी दिल्ली अस्वीकार्य मानती है।

## मोबाइल चोरी के शक में चाकू से हमला कर व्यक्ति की हत्या

**बांदा:** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में रविवार को मोबाइल फोन चोरी के शक में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को करीब साढ़े तीन बजे मंदाकिनी नदी के घाट पर पुल के नजदीक कुछ युवक नहा रहे थे कि तभी रवि निषाद, गुरू निषाद और रिंकू निषाद ने मोबाइल फोन चोरी का आरोप लगाकर विजय निषाद (18) से झगड़ा शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने शोर सुनकर बीच-बचाव करने गए विजय के पिता बिट्टी निषाद (40) के गले पर चाकू से वार कर उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल बिट्टी निषाद को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## बिहार सरकार ने 122 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया, 60 नियोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पटना:** बिहार सरकार ने बाल श्रम उन्मूलन के उद्देश्य से संचालित किए गए एक राज्यव्यापी अभियान के तहत पिछले 10 दिन में 122 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और 60 नियोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, एक विशेष बचाव और जागरूकता अभियान के तहत 20 मई से 30 मई के बीच राज्य भर में 222 स्थानों पर गहन निरीक्षण और छापेमारी की गई। बयान में कहा गया कि यह अभियान बिहार को बाल श्रम से मुक्त बनाने के सरकार के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। विभाग के प्रमुख अरुण शंकर प्रसाद ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत किसी बच्चे को काम पर रखना एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 20,000 रुपये से 50,000 रुपये तक का जुर्माना और दो साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है।

## उत्तर प्रदेश के देवरिया में ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**देवरिया (उप्र):** देवरिया जिले के देवरिया-गोरखपुर रेल खंड पर रविवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार देवरिया कोतवाली क्षेत्र के देवरिया-गोरखपुर रेल खंड पर मेहड़ा गांव के पास हुए इस हादसे में किशन (18) और लगभग 24 वर्षीय एक अज्ञात युवक की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के दौरान दोनों मृतकों के पास से गांजे की पुड़िया और चिलम बरामद की, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों ट्रेन की पटरी पर बैठकर नशा कर रहे थे तभी रेलगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। पुलिस के मुताबिक किशन के परिजन का कहना है कि वह अपनी बीमार नानी को इलाज के सिलसिले में गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए घर से निकला था।

## बुलंदशहर में दो लाख रुपये से भरा बैग छीन कर पेड़ पर चढ़ा बंदर

**बुलंदशहर (उप्र):** बुलंदशहर जिले में हुई एक अजीबो गरीब घटना में कचहरी परिसर में एक बंदर स्टांप खरीदने आए एक व्यक्ति का दो लाख रुपये से भरा बैग झपटकर पेड़ पर चढ़ गया। कुछ ही देर बाद बंदर ने बैग फाड़ दिया और उसमें रखे सारे करेंसी नोट नीचे गिरने लगे, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने जमीन पर बिखरे नोट इकट्ठा करके उस व्यक्ति को लौटा दिये। अधिवक्ता सोहनपाल ने रविवार को बताया कि रवींद्र नामक व्यक्ति अपने साथी आमिर के साथ शनिवार को स्टांप खरीदने के लिए बैग में दो लाख रुपये लेकर कचहरी आया था। इसी बीच, एक बंदर झपट्टा मारकर रुपये से भरा बैग छीनकर पेड़ की टहनी पर बैठ गया। उन्होंने बताया कि बंदर ने पेड़ पर बैठकर बैग को फाड़ दिया और उसमें रखे नोटों को बाहर फेंकने लगा। अधिवक्ता ने बताया कि आसपास मौजूद लोगों ने नीचे गिरे नोटों को इकट्ठा करके रवीन्द्र को लौटा दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में रवीन्द्र को कोई वित्तीय नुकसान होने की खबर नहीं है।

# उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार



गोरखपुर (उप्र): कुशीनगर पुलिस ने नेपाली नागरिकों को कथित तौर पर नौकरी, उच्च शिक्षा और नेटवर्क मार्केटिंग के जरिए मोटी कमाई का झांसा देकर अपने जाल में फंसाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुशीनगर के कसया कस्बे में चलाए गए एक अभियान के दौरान दो महिलाओं समेत गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य नेपाल के अलग-अलग हिस्सों से आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़े-लिखे लोगों को रोजगार और शिक्षा के अवसरों का बहाने कुशीनगर आने के लिए लुभाते थे और वहां पहुंचने पर उनसे कथित तौर पर प्रशिक्षण, पंजीकरण और अन्य प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर जबरन धन वसूली करते थे। जांच के दौरान पुलिस ने गिरोह के चंगुल से 453 नेपाली नागरिकों को बचाया और उन्हें सुरक्षित नेपाल वापस भेजने में मदद की। पुलिस बताया गिरफ्तार आरोपियों के पास से नौ नकली आधार कार्ड, 60 बॉन्ड पेपर, एक लैपटॉप, सोने की अंगूठियां, 60,320 रुपये की भारतीय मुद्रा और 14,290 रुपये की नेपाली मुद्रा बरामद की गई है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर चलाया गया था जिसके तहत कसया थाने और एसटीएफ गोरखपुर की टीमों ने शनिवार को कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में नेपाली नागरिक दीपक थापा, ओम प्रकाश चौलागाई, नीमा शेरपा, गणेश खत्री, सोजन्या संतान, ज्ञानेंद्र यादव और विशाल तमांग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनके अलावा, कसया के परसौना के रहने वाले सर्वेश प्रताप राव भी गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह से जुड़ी दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है।



यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी

## 'मन की बात' में बिहार के स्थानीय उत्पादों का जिक्र राज्य के लिए गौरव की बात: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में बिहार के स्थानीय उत्पादों का जिक्र करना राज्य के निवासियों के लिए गौरव की बात है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 134वीं कड़ी में मोदी ने बिहार के पारंपरिक भोजन सत्तू (भुने हुए चने का आटा) को गर्मी से निपटने का एक महत्वपूर्ण साधन बताया और राज्य के प्रसिद्ध जरदालू आम का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार चौधरी ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण गर्मी से राहत पाने के उपाय के रूप में बिहार के पारंपरिक और पौष्टिक पेय सत्तू का जिक्र किया और राज्य के प्रसिद्ध जरदालू आम का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री द्वारा इन क्षेत्रीय उत्पादों का जिक्र करना राष्ट्रीय मंच पर बिहार की अनूठी पहचान को दर्शाते हैं।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ये टिप्पणियां बिहार के किसानों, उद्यमियों और आम नागरिकों की मेहनत को स्वीकार करती हैं और राज्य की समृद्ध कृषि और खाद्य परंपराओं को दर्शाती हैं। चौधरी ने कहा कि बिहार की इन विशिष्टताओं को राष्ट्रीय मंच पर स्थान मिलने से राज्य के स्थानीय उत्पादों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अधिक पहचान मिलेगी और किसानों एवं उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अपनी सांस्कृतिक विरासत, कृषि उपज और लोक परंपराओं के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, 'बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों और जनजीवन से जुड़े मुद्दों का जिक्र करने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रीय मंच पर स्थान मिलने से राज्य के लोगों का उत्साह और गौरव बढ़ा है।'

## बोकारो में महिला की 'हत्या' मामले में छह लोग गिरफ्तार, भाजपा ने बंद आहूत किया



**बोकारो:** झारखंड के बोकारो जिले में 25 वर्षीय एक महिला की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार महिला ने शुक्रवार रात दो पड़ोसियों के बीच हुए विवाद को शांत कराने का प्रयास किया था, जिस दौरान उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल महिला की शनिवार को बोकारो के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई ने दावा किया है कि महिला चार महीने की गर्भवती थी और उसकी हत्या की गई है। पार्टी ने इस घटना के विरोध में दिन भर के बंद का आह्वान किया है। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया, 'हमने इस मामले में मुख्य आरोपी सुरेंद्र भुइयां समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार रात मुख्य आरोपी और एक अन्य पड़ोसी के बीच हुए विवाद में हस्तक्षेप करने पर महिला के साथ कथित रूप से मारपीट की गई थी। महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।' पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात बेरमो थाना क्षेत्र के धौरा ढोरी रेलवे साइडिंग स्थित पांच नंबर कॉलोनी में हुई। मृतका अनीता देवी (25) और उसके पति ने दो पड़ोसियों के बीच हो रहे झगड़े में हस्तक्षेप किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए पांच अन्य आरोपियों की पहचान बबलू कुमार, बीरेंद्र कुमार भारती, राहुल डेगर, राजेश भुइयां और धीरेन भुइयां के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मृतका के परिजनों के बयान और लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और विस्तृत जांच की जा रही है। उधर, भाजपा ने महिला की कथित हत्या के विरोध में रविवार को बोकारो में एक दिवसीय बंद आहूत किया है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी टिफनी पति के साथ जैसलमेर पहुंचीं



**जैसलमेर:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बुलोस के साथ रविवार सुबह निजी दौरे पर राजस्थान के जैसलमेर पहुंचीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों विशेष विमान से दिल्ली से जैसलमेर सिविल हवाई अड्डे पहुंचे, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिला कलेक्टर अनुपमा जोरवाल और पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने उनका स्वागत किया। दोनों के लिए सम रोड क्षेत्र के एक होटल में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और स्थानीय पुलिस, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मी तैनात हैं। शाम को वे प्रसिद्ध सोनार किले पहुंचे और गोल्फ कार्ट से किले के परिसर का भ्रमण किया। वीवीआईपी मेहमानों ने किले के संग्रहालय का दौरा किया और क्षेत्र की समृद्ध कला, संस्कृति व इतिहास से परिचित हुए। स्थानीय धरोहर विशेषज्ञ विजय बल्लानी ने उन्हें किले के ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी दी। पूरे दौरे के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही और किले में मीडिया की पहुंच प्रतिबंधित रही। अधिकारियों के अनुसार, अपने प्रवास के दौरान टिफनी और बुलोस सोनार किला, पटवों की हवेली और गड़ीसर झील जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। एक रात ठहरने के बाद उनके सोमवार को दिल्ली लौटने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरे से स्थानीय पर्यटन क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने 33,401 माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती की



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने माध्यमिक शिक्षा में वर्षों से जारी भर्ती संकट को खत्म करते हुए 33,401 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि 2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप थी, जिसके कारण हजारों पद रिक्त थे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से 2022 तक कुल 33,401 पदों पर भर्ती की गई। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से वर्ष 2022 तक प्रधानाचार्यों के 783, प्रवक्ता के 5,321 तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 27,297 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। बयान में कहा गया है कि सरकार ने मिशन मोड में भर्ती प्रक्रिया पूरी करते समय पारदर्शिता और मेरिट को प्राथमिकता दी। बयान में कहा गया है वर्षों तक भर्ती प्रक्रिया प्रभावित रहने के कारण माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती बन चुकी थी और इसका सीधा असर विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा था।

## झारखंड: व्यक्ति ने अपनी छह साल की बेटी को पीट-पीटकर मार डाला

**चाईबासा (झारखंड):** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में एक व्यक्ति ने अपनी छह वर्षीय बेटी को कथित तौर पर लाठी से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय घटी जब सोनिया पूर्ति नाम की लड़की तांतनगर चौकी के तहत खेरिया तंगर गांव में अपने घर के अंदर सो रही थी। चाईबासा सदर के उपमंडल पुलिस अधिकारी बहमन टूटी के अनुसार, गांव के मुखिया ने बताया कि आरोपी लाल सिंह पूर्ति पिछले कुछ दिनों से असामान्य व्यवहार कर रहा था। आरोपी ने अचानक लाठी उठाई और लड़की को बुरी तरह से पीटने लगा। लड़की की चीखें सुनकर पड़ोसियों ने उसे बचाया और चाईबासा के सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया, आरोपी ने अपनी पत्नी पर भी हमला करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे रोक लिया।

## जनता 2027 के चुनावों में भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी: अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा पर अनैतिक तरीकों से चुनाव जीतने का आरोप लगाया और दावा किया कि लोग भविष्य के चुनावों में पार्टी की राजनीतिक चालों को नाकाम कर देंगे। यादव ने यह बात भाजपा विधायक श्याम प्रकाश के शनिवार के एक बयान के जवाब में कही। प्रकाश ने कहा था कि चुनाव केवल विकास के आधार पर नहीं जीते जाते, बल्कि 'तिकड़म' और रणनीति के माध्यम से भी जीते जाते हैं। भाजपा विधायक के इस बयान का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए यादव ने पार्टी पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा में जितना अधिक बेईमान व्यक्ति होता है, वह उतना ही ऊंचा पद पाता है। उन्होंने कहा, भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है, इस बात को स्वीकार करके भाजपा के विधायक ने भ्रष्ट भाजपाई राजनीति का एनकाउंटर कर दिया है, साथ ही उसके ऊपर बुलडोज़र भी चलवा दिया है। सपा प्रमुख ने यह सवाल भी किया कि देखते हैं कि भाजपा इस विधायक के बयान पर कैसे प्रतिक्रिया देगी। उन्होंने कहा, अब देखना होगा कि क्या इस भाजपा विधायक को पार्टी से निकाला जाएगा या अगले मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। यादव ने दावा किया कि मतदाता भाजपा को 2027 के चुनावों में खारिज कर देंगे। यादव ने दावा किया इस बार जनता भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी। भाजपा हारेगी और फिर कभी नहीं आएगी। गौरतलब है कि हरदोई जिले के गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रकाश ने कहा था कि चुनाव विकास से नहीं, तिकड़म से जीते जाते हैं।

## उत्तर प्रदेश में हवा और हल्की बारिश ने दी भीषण गर्मी से राहत

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटे के दौरान तेज हवा और हल्की बारिश की वजह से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर जबकि पश्चिमी भागों में कुछ जगहों पर बारिश हुई। रिपोर्ट के अनुसार इस अवधि में बलिया में 34.4 मिलीमीटर, मुरादाबाद में 21.8 मिलीमीटर, हरदोई में 19.4 मिलीमीटर, हमीरपुर में तीन मिलीमीटर, आगरा में 2.4 मिलीमीटर, लखीमपुर खीरी में दो मिलीमीटर, गोरखपुर में 0.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने बताया कि रविवार को राज्य की राजधानी लखनऊ में 2.4 मिलीमीटर बारिश हुई और अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 3.29 डिग्री सेल्सियस कम था। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान बस्ती राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना है।

## उत्तर प्रदेश के पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किए गए राजीव कृष्ण



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को राजीव कृष्ण को पूर्णकालिक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया, जो पिछले साल 31 मई से कार्यवाहक डीजीपी थे। उत्तर प्रदेश में चार साल के बाद पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति से जुड़ा आदेश गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने जारी किया। मई 2022 में मुकुल गोयल को हटाए जाने के बाद से उत्तर प्रदेश में कोई पूर्णकालिक डीजीपी नहीं था। गोयल के बाद राज्य में कई कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक रहे जिनमें डी. एस. चौहान, आर. के. विश्वकर्मा, विजय कुमार, प्रशांत कुमार और कृष्ण शामिल हैं। वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी गौतम बुद्ध नगर जिले के मूल निवासी हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर तक की पढ़ाई कर चुके कृष्ण ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत राज्य पुलिस में प्रयागराज में एक प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी के तौर पर की थी, और बाद में उन्होंने बरेली, कानपुर और अलीगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दी। सूत्रों के मुताबिक कृष्ण ने फिरोजाबाद, आगरा, लखनऊ और मथुरा समेत विभिन्न जिलों में पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पदों पर भी काम किया है। उन्होंने बताया कि कृष्ण जून 2029 में सेवानिवृत्त होंगे।

## सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क का अहम सूत्रधार बहराइच से गिरफ्तार

बहराइच: उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गोवा पुलिस की अपराध शाखा के साथ एक संयुक्त अभियान में बहराइच से कथित सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह से जुड़े एक प्रमुख संदिग्ध को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दरगाह शरीफ थाना अधिकारी ने बताया कि गोवा पुलिस की अपराध शाखा ने हाल ही में गोवा में नेपाल मूल के तीन युवकों को गिरफ्तार किया था और उनके पास से मादक पदार्थ बरामद किए थे। आरोपियों ने गोवा पुलिस को कथित तौर पर बताया था कि बहराइच में रहने वाला एक व्यक्ति नेपाल से मादक पदार्थ मंगवाता था और फिर उनकी तस्करी करता था। दरगाह शरीफ थानाक्षेत्र के मंसूरगंज निवासी और पहले से ही विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल अखलाक अहमद (29) उर्फ मन्ना मलिक की मादक पदार्थों की तस्करी के गिरोह की प्रमुख कड़ी के रूप में पहचान की गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर गोवा पुलिस ने एसटीएफ और बहराइच पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में अखलाक को गिरफ्तार किया। इसके बाद, गोवा पुलिस ने शनिवार को आरोपी को हिरासत में लिया और उसे गोवा वापस भेज दिया।

## राजस्थान के कई इलाकों में बारिश, फलोदी में अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री दर्ज



**जयपुर:** राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर तथा राज्य के पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर रविवार सुबह तक बीते 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, कोटपूतली-बहरोड़ जिले के शाहपुरा में सर्वाधिक 55 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक, धूलभरी आंधी चलने और ओलावृष्टि की गतिविधियां भी दर्ज की गईं। विभाग के अनुसार, इस अवधि में राज्य का अधिकतम तापमान फलोदी में 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सिरोही में 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

# राबड़ी को बंगला खाली करने का आदेश: बेटी रोहिणी ने 'प्रतिशोध की कार्रवाई' करार दिया



पटना: राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने रविवार को बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। राजग सरकार ने रोहिणी की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10, सर्कुलर रोड स्थित वह सरकारी बंगला खाली करने को कहा है, जिसमें वह 2006 से रह रही हैं। रोहिणी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सम्राट चौधरी सरकार 'जनहित के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राजनीतिक प्रतिशोध की राह पर है।' सिंगापुर में अपने पति के साथ रह रहीं रोहिणी ने 'एक्स' पर लिखा, ''अगर हिम्मत है तो सरकार जबरन बंगला खाली करवाए...।' पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी द्वारा इस सरकारी बंगले को खाली करने और किसी अन्य मकान में जाने से इनकार करने के बाद शनिवार को विवाद पैदा हो गया। यह बंगला राजग सरकार के एक मंत्री को आवंटित किया गया है। रोहिणी ने पोस्ट में लिखा, 'पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जी को आवास से बेदखल करने का तुगलकी फरमान और आवास पर पुलिस भेजना लोकतंत्र नहीं, सत्ता के अहंकार एवं बेजा दबंगई की निशानी है। अफसोसजनक है कि बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध के मोर्चे पर पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही सम्राट चौधरी सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। यह शासन का कौन सा मॉडल है? बेशक शासन का 'प्रतिशोध मॉडल' है।' भवन निर्माण विभाग ने 27 मई के एक आदेश के माध्यम से लोक भवन और मुख्यमंत्री आवास के पास स्थित यह बंगला डेरी एवं मत्स्य पालन मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित किया है। यह आदेश जारी किये जाने के समय राबड़ी देवी पटना में नहीं थीं। शनिवार को यहां हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जब संवाददाताओं ने उनसे इस बारे में पूछा, तो उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मैं देख रही हूं कि सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनने के बाद काफी उत्साहित हैं। उनकी सरकार मुझे जबरन निकाल कर दिखाए। मैं बंगला खाली नहीं करूंगी।'

## युवाओं को चार लाख सरकारी और छह लाख निजी क्षेत्र की नौकरियां उपलब्ध कराने का प्रयास: मुख्यमंत्री



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार अपने कार्यकाल के पहले दिन से युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और चार लाख सरकारी नौकरियां तथा छह लाख निजी क्षेत्र की नौकरियों के लिए प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां की जा चुकी हैं, जबकि 1.35 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, इस वर्ष 1.25 लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर भी जारी किया गया है। परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 350 से अधिक परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने युवा नीति लागू की है और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है।

# हिमंत ने राजनाथ, जयशंकर से मुलाकात की; असम की प्रगति के लिए मार्गदर्शन मांगा





**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की तथा राज्य को रक्षा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाला बनाने एवं पड़ोसी देशों के साथ व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। शर्मा ने सिंह से मुलाकात के दौरान असम विधानसभा के चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'रक्षा मंत्री आद-रणीय राजनाथ सिंह जी से मिलना हमेशा ज्ञानवर्धक होता है। वह ज्ञान और बुद्धिमत्ता का भंडार हैं। एक उत्कृष्ट प्रशासक, समर्पित लोकसेवक और अनुभवी कार्यकर्ता के रूप में उनके व्यापक अनुभव से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।' शर्मा ने कहा, 'आज अपनी मुलाकात के दौरान, मैंने असम चुनाव के दौरान उनके प्रभावशाली प्रचार के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और आने वाले दिनों में रक्षा क्षेत्र में असम को एक प्रमुख राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन मांगा।' मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा कि शर्मा और सिंह ने 'देश के रक्षा तंत्र में असम की भूमिका को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की'। जयशंकर के साथ अपनी मुलाकात के बारे में शर्मा ने 'एक्स' पर कहा, 'आज सुबह मुझे माननीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर जी से मुलाकात का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैश्विक मामलों, और भारत वर्तमान भू-राजनीतिक चुनौतियों से किस प्रकार निपट रहा है, इस पर उनका दृष्टिकोण हमेशा ज्ञानवर्धक होता है।' उन्होंने कहा, 'मैंने भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति को और मजबूत करने के संबंध में उनके दृष्टिकोण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। हम इस बात पर उनके मार्गदर्शन को लेकर आशान्वित हैं कि असम पड़ोसी देशों के साथ व्यापार और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने में क्या भूमिका निभा सकता है।'

### असम मंत्रिपरिषद का पांच जून को विस्तार होगा: हिमंत

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि पांच जून को उनकी मंत्रिपरिषद का विस्तार होगा और नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। शर्मा को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी। शर्मा के शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री के साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली थी। इनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, असम गण परिषद के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरन बोरो शामिल थे।

### इस बार अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पिछले वर्षों की तुलना में अधिक मजबूत होगी: जम्मू आईजीपी

**जम्मू:** जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी ने रविवार को कठुआ जिले में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पिछले वर्षों की तुलना में और मजबूत होगी। टूटी ने कहा कि तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा प्रबंध किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस, सेना और अन्य सभी एजेंसियां मिलकर श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही हैं। आईजीपी ने 57 दिन की यात्रा से पहले जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग और जम्मू-कश्मीर के प्रवेश द्वार लखनपुर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कठुआ में समीक्षा बैठक के बाद कहा कि यात्रा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभाग और एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ काम कर रही हैं।

### कर्नाटक: सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**चिक्कबल्लापुर:** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में बागेपल्ली के निकट रविवार को कार और सड़क किनारे खड़ी लॉरी की चपेट में एक ऑटोरिक्शा के आ जाने से उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक कुशल चौकसे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह दुर्घटना अपराह्न करीब तीन बजे हुई। ऑटोरिक्शा में चालक के अलावा नौ महिला मजदूर सवार थीं, जो मजदूरी कर घर लौट रही थीं। अधिकारी के अनुसार, ऑटो रिक्शा राजमार्ग से उतरकर बागेपल्ली की ओर जा रहा था कि तभी एक कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया, कार ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। एक लॉरी भी सड़क किनारे खड़ी थी। ऑटोरिक्शा, कार और लॉरी के बीच दब गया।' अधिकारी ने बताया, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटोरिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### सिक्किम में निजी वाहनों की आवाजाही पर लागू सम-विषम प्रतिबंध वापस

**गंगटोक:** सिक्किम सरकार ने रविवार को पूरे राज्य में निजी वाहनों की आवाजाही पर लागू सम-विषम प्रतिबंध वापस ले लिया। हालांकि, गंगटोक शहर में यह व्यवस्था फिलहाल जारी रहेगी। एक आधिकारिक सूचना में यह जानकारी दी गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने समीक्षा बैठक में बताया कि राज्य की मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। मुख्य सचिव आर. तेलांग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इसके बाद सरकार ने 14 मई की अधिसूचना के तहत राज्य के सभी जिलों में निजी वाहनों पर लगाए गए सम-विषम प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का फैसला किया। हालांकि, 24 अक्टूबर 2024 की अधिसूचना के तहत गंगटोक शहर में निजी वाहनों के लिए लागू सम-विषम यातायात व्यवस्था जारी रहेगी। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सरकारी वाहनों के उपयोग पर लागू प्रतिबंध फिलहाल प्रभावी रहेंगे।

### मंदसौर में करीब 40 करोड़ रुपये मूल्य की 'ब्राउन शुगर' जब्त, महिला समेत पांच लोग गिरफ्तार

**मंदसौर (मध्यप्रदेश):** मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में पुलिस ने रविवार को करीब 20 से 40 करोड़ रुपये मूल्य की 20 किलोग्राम 'ब्राउन शुगर' जब्त की और मामले में एक महिला समेत पांच कथित अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया जबकि एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार मीणा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू आबादी पुलिस थाने की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कुछ वाहनों को रोका और तलाशी ली तो ये मादक पदार्थ बरामद हुए। उन्होंने कहा कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 40 करोड़ रुपये तक हो सकती है यदि प्रयोगशाला परीक्षणों में यह साबित हो जाता है कि यह बेहतर गुणवत्ता का है। उन्होंने कहा कि अगर घटिया गुणवत्ता का पता चलता है तो भी इसकी कीमत 20 करोड़ रुपये से कम नहीं होगी। पुलिस के मुताबिक, इन मादक पदार्थों को खरीदने के लिए दो लोग इंदौर से मंदसौर आए थे। मीणा ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के पास से चार पहियों वाले दो वाहन और करीब 2.5 लाख रुपये मूल्य के सात मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से नकी बरामद नहीं की गई है।

## एसआईआर के तहत चार राज्यों में गणना का चरण शुरू

**नयी दिल्ली:** ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के गणना चरण की शुरुआत हो गई है। निर्वाचन आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोग ने 14 मई को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से एसआईआर का तीसरा चरण शुरू किया था। शनिवार से शुरू हुए गणना चरण के दौरान, बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रह और सत्यापन करेंगे। मतदाता अपने विधिवत भरे हुए फॉर्म बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। जिनके फॉर्म 28 जून या उससे पहले निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को प्राप्त हो जाएंगे, उन्हें मसौदा मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। जो मतदाता समय सीमा तक अपने गणना प्रपत्र जमा नहीं कर पाते हैं, वे दावा और आपत्ति अवधि के दौरान निर्धारित घोषणा पत्र के साथ प्रपत्र 6 के माध्यम से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान चरण में शामिल चारों राज्यों में मिलाकर 3.67 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। ओडिशा में सबसे अधिक 3.34 करोड़ से अधिक मतदाता है और उनके लिये 38,123 बीएलओ और 8,391 बीएलए हैं। मिजोरम में 8.75 लाख, सिक्किम में 4.71 लाख और मणिपुर में 20.92 लाख मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने सभी पात्र मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और घर-घर जाकर की जाने वाली गणना के दौरान चुनाव अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की है ताकि सटीक और समावेशी मतदाता सूचियां सुनिश्चित की जा सकें। आयोग ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया था कि सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए और अपात्र व्यक्तियों को शामिल होने से रोका जाए।

## अरुणाचल प्रदेश में नौ हजार फुट की ऊंचाई पर सेना के जवानों ने योग किया



**ईटानगर:** भारतीय सेना के जवानों ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के शि-योमी जिले में समुद्र तल से लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित पसांग सोनम झील तट पर योग सत्र में भाग लिया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले चल रहे महीनेभर के कार्यक्रमों के तहत किया गया। एक विज्ञप्ति के अनुसार, अग्रिम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों ने उत्साहपूर्वक योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर सैनिकों के लिए योग के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया गया कि इससे शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक दृढ़ता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात जवानों के लिए योग लचीलापन, एकाग्रता और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है। कार्यक्रम का उद्देश्य सैनिकों के बीच टीम भावना और सामूहिक प्रेरणा को मजबूत करना भी था।

## उत्तराखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश, केदारनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोकी गई



**देहरादून:** उत्तराखंड में रविवार को भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। खराब मौसम के चलते केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा, जिससे सैकड़ों श्रद्धालु विभिन्न स्थानों पर फंस गए। मूसलाधार बारिश के कारण नदियों और बरसाती नालों का जलस्तर बढ़ गया। कई स्थानों पर मलबा जमा हो गया, जिसे प्रशासन और संबंधित एजेंसियों ने तत्काल हटाकर मार्गों को साफ कराया। रुद्रप्रयाग जिले के लिए जारी मौसम चेतावनी के बाद चारधाम यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को श्रीनगर में बनाए गए सुरक्षित 'होल्डिंग' क्षेत्रों (ठहराव वाले स्थानों) में रोक दिया गया है। श्रीनगर की सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) नूपुर वर्मा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर करीब 400 वाहनों को एनआईटी मैदान और आवास विकास मैदान में ठहराया गया। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे से वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। मौसम में सुधार होने पर, फंसे हुए वाहनों को चरणबद्ध तरीके से उनके गंतव्य की ओर बढ़ने की अनुमति दी गई। रात भर रुकने का विकल्प चुनने वाले तीर्थयात्रियों के लिए पीने के पानी, भोजन और आवास की विशेष व्यवस्था की गई। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने मौसम विभाग द्वारा जारी 'ऑरेंज' अलर्ट के मद्देनजर केदारनाथ यात्रा को तत्काल रोकने का निर्देश जारी किया और तीर्थयात्रियों को निकटतम सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। अलर्ट में जिले में भारी बारिश, आंधी-तूफान और प्रतिकूल मौसम की आशंका जताई गई थी। रुद्रप्रयाग जिले के आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह राजवार ने कहा कि सोनप्रयाग और गौरीकुंड सहित भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि मौसम सामान्य होने तक कोई भी तीर्थयात्री आगे न बढ़े। उन्होंने बताया कि पुलिस बल और जिला आपदा मोचन बल (डीडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दल 'हाई अलर्ट' पर हैं।

## मंत्रिमंडल गठन : शिवकुमार, सिद्धरमैया एक जून को दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान से मिलेंगे

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित डी के शिवकुमार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया एक जून को दिल्ली में पार्टी आलाकमान से मुलाकात करेंगे एवं मंत्रिमंडल गठन पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रिमंडल में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री पद पाने के लिए होड़ तेज हो गई है। इस सिलसिले में कुछ नेता शिवकुमार से मुलाकात कर रहे हैं, जबकि कई अन्य सिद्धरमैया के संपर्क में हैं। सूत्रों के अनुसार, एम बी पाटिल, दिनेश गुंडू राव और मधु बंगारप्पा जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शिवकुमार के आवास पर उनसे मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि शरण प्रकाश पाटिल, राघवेंद्र हितनाल और बसनागौड़ा दद्देष सहित कांग्रेस विधायक भी पार्टी नेतृत्व से मिलने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद तीन जून को राज्य के अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले हैं। कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने के तुरंत बाद शिवकुमार ने लोक भवन में राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने तथा अन्य मंत्रियों के साथ सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया। शपथ ग्रहण समारोह तीन जून को शाम 4.05 बजे लोक भवन परिसर में आयोजित किया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने बताया, ''शिवकुमार और सिद्धरमैया सोमवार को दिल्ली जा रहे हैं, जहां वे कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात करेंगे और शपथ ग्रहण समारोह, मंत्रिमंडल गठन, विभागों के आवंटन और पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष समेत संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।'

## उत्तराखंड के चंपावत में उफनती नदी में फंसे 50 से अधिक तीर्थयात्रियों को एसडीआरएफ ने बचाया



**देहरादून:** चंपावत जिले के श्री रीठा साहिब गुरुद्वारे में रविवार को एक बड़ी त्रासदी होने से टल गई, जब वार्षिक जोड़ मेले के दौरान उफनती नदी में फंसे 50 से अधिक तीर्थयात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ और मौसम संबंधी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम को मेला स्थल पर पहले ही तैनात कर दिया गया था। क्षेत्र में अचानक हुई बारिश के कारण लधिया और रतिया नदियों का जलस्तर बढ़ने पर पहले से की गई यह तैनाती महत्वपूर्ण साबित हुई। गुरुद्वारे में दर्शन के लिए जाने से पहले दो नदियों के संगम पर स्नान कर रहे 50 से अधिक तीर्थयात्री उफनते पानी में फंस गए। नदी के किनारे खड़ी कई गाड़ियां भी बढ़ते जलस्तर की चपेट में आ गईं जिससे अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि एसडीआरएफ की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तेज धारा और चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद कर्मियों ने फंसे सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित रूप से नदी पार कराई। उन्होंने यह भी बताया कि टीम ने फंसे हुए वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में भी सहायता की।

## मोदी दमन में हवाई अड्डे का उद्घाटन, सूरत में विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

**सूरत:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच जून को गुजरात के सूरत में 18,000 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं और केंद्र शासित प्रदेश दमन में एक हवाई अड्डे का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूरत के जिलाधिकारी तेजस परमार ने बताया कि मोदी अपराह्न लगभग 2.45 बजे सूरत पहुंचेंगे, जहां वह हजीरा क्षेत्र में एक औद्योगिक संयंत्र का दौरा करेंगे। परमार ने कहा, ''इसके बाद, वह सूरत के इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह 18,000 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।' अन्य अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री इसके बाद दमन की यात्रा करेंगे, जहां वह भारतीय तटरक्षक बल की हवाई पट्टी के निकट स्थित एक हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि वह हवाई अड्डे के निकट स्थित मारवाड़ सरकारी अस्पताल का भी उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मोदी स्वामी विवेकानंद मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि वह केंद्र शासित प्रदेश में कई विकास परियोजनाओं का ऑनलाइन तरीके से उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।

## साकेत मेट्रो स्टेशन के पास इमारत ढहने की घटना: मृतकों की संख्या बढ़कर छह हुई, प्राथमिकी दर्ज



**नयी दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली में साकेत मेट्रो स्टेशन के निकट एक व्यावसायिक इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर रविवार को छह हो गई, जबकि कई अन्य को मलबे से निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना में जान गंवाने वाले और घायलों में से कुछ लोग विदेशी चिकित्सा स्नातक (एफएमजी) परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। साकेत का यह इलाका, जहां यह इमारत ढही, विदेशों में चिकित्सा और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों के लिए कोचिंग संस्थानों का प्रमुख केंद्र माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में गैर-इरादतन हत्या सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा हादसे के कारणों की जांच के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। यह हादसा शनिवार शाम सईद-उल-अजायब क्षेत्र के वेस्टएंड मार्ग पर हुआ, जब बहुमंजिला इमारत अचानक भरभराकर ढह गई। इमारत में एक कोचिंग संस्थान, कैफे और कई कार्यालय संचालित हो रहे थे। हादसे के समय इसकी ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य हो रहा था। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अनुसार, शनिवार शाम सात बजकर 40 मिनट पर आपातकालीन अभियान केंद्र को इमारत ढहने की सूचना मिली थी। डीडीएमए ने बयान में कहा गया, सूचना मिलते ही एक त्वरित प्रतिक्रिया वाहन को घटनास्थल पर भेजा गया और मानक परिचालन प्रक्रिया के तहत बचाव अभियान शुरू किया गया। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों ने पाया कि लगभग 300 से 400 वर्ग गज क्षेत्र में फैली पांच से सात मंजिला इमारत पूरी तरह ढह चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बचाव दल को बताया कि मलबे में 10 से 15 लोगों के फंसे होने की आशंका है। दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अनंत मित्तल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, इस हादसे में कुल छह लोगों की मौत हुई है। बचाव अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान रवि (24), कपिल (28), नलिन राय (23), आलोक, पार्वती (35) और एकता (24) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि इमारत पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गई और उसका एक बड़ा हिस्सा निकट स्थित 'टिन-शेड' कैंटीन पर गिर गया।

## प्यार को पाने की खातिर युवक ने पार की सीमा; सेना ने पकड़ा

**श्रीनगर:** सोशल मीडिया पर परवान चढ़े प्यार के लिए सीमा पार से आए 22 वर्षीय एक युवक जीशान मीर ने उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में कड़ी सुरक्षा वाली नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार कर लिया, लेकिन मुस्तैद सैन्य कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जांच से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, मुजफ्फराबाद का रहने वाला मीर अपने परिवार से काफी परेशान था, जो उस पर कमाने और घर का आर्थिक बोझ उठाने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मीर मासूम और बेहद तनावग्रस्त लग रहा है, जो लगातार घरेलू कलह के कारण गंभीर अवसाद में चला गया था। अधिकारियों ने बताया कि इसी भावनात्मक संकट के दौरान मीर स्नैपचैट पर तुलवारी गांव की रहने वाली इरम बानो के संपर्क में आया। दोनों के बीच यह डिजिटल संपर्क जल्द ही एक भावनात्मक रिश्ते में बदल गया। इस दौरान उन्हें पता चला कि मीर के पूर्वज मूल रूप से उसी सीमावर्ती गांव के रहने वाले थे, जहां वह लड़की रहती है। एक ही गांव से जुड़े होने के कारण मीर ने बानो से अपनी घरेलू परेशानियां साझा कीं। इसके बाद बानो ने उसे इन दिक्कतों से हमेशा के लिए छुटकारा पाने का रास्ता सुझाया कि वह पीओके में रहने के बजाय भारतीय सीमा में आ जाए। अधिकारियों ने बताया कि दोनों ने एक योजना बनाई जिसके तहत मीर को एलओसी पार कर सीधे सेना के सामने आत्मसमर्पण करना था। इसके बाद वह देश में अवैध प्रवेश के लिए तय कानूनी सजा काटता और रिहाई के बाद, मीर कानूनी रूप से गांव में अपने परिवार की पैतृक संपत्ति पर दावा करता और जम्मू-कश्मीर में स्थायी रूप से बस जाता। एक नए जीवन की उम्मीद में मीर ने शनिवार रात यह खतरनाक यात्रा शुरू की लेकिन सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया।

## 'पीएम स्वनिधि' के तहत छह वर्षों में रेहड़ी-पटरी वालों को 17,800 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जून 2020 में शुरुआत होने के बाद से इसके तहत 17,800 करोड़ रुपये से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों के वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए एक प्रमुख वाहक बनकर उभरी है। 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि' (पीएम स्वनिधि) योजना के सोमवार को छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंत्रालय ने कहा कि इस योजना से देश के शहरी क्षेत्रों के 75.5 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ हुआ है। इससे उन्हें औपचारिक ऋण प्राप्त करने, डिजिटल भुगतान करने और सामाजिक सुरक्षा का लाभ उठाने में मदद मिली है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद शुरू की गयी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उद्देश्य उन रेहड़ी-पटरी वालों को किफायती कार्यशील पूंजीगत ऋण प्रदान करना था, जो पारंपरिक रूप से ऊंचे ब्याज दरों पर ऋण के अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर थे। इस योजना के तहत ब्याज सब्सिडी और ऋण गारंटी सहायता के साथ 15,000 रुपये, 25,000 रुपये और 50,000 रुपये की तीन प्रगतिशील किस्तों में बिना गारंटी के ऋण प्रदान किया जाता है।

## पंजाब: बारिश और तेज हवाओं से हलवारा हवाई अड्डा टर्मिनल को नुकसान, जांच के आदेश



**लुधियाना:** लुधियाना जिला प्रशासन ने भारी बारिश के बाद हल-वारा हवाई अड्डे पर नागरिक टर्मिनल भवन के कुछ हिस्सों को हुए नुकसान की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हलवारा हवाई अड्डे पर 15 मई को परिचालन शुरू हुआ था, जब दिल्ली से पहली उड़ान वहां पहुंची थी। इससे पहले फरवरी में जालंधर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया था। शनिवार को तेज हवाओं और मूसल-ाधार बारिश के कारण टर्मिनल भवन में पानी का रिसाव हुआ और छत के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा। प्रस्थान हॉल और टिकट काउंटर के पास के हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गए, जहां कई जगहों पर फॉल्स सीलिंग पैनल और सजावटी फिटिंग गिर गईं। पानी के रिसाव के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसके बाद निर्माण गुणवत्ता को लेकर सार्वजनिक बहस छिड़ गई। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह चिंताजनक है कि कुछ ही महीने पहले शुरू किया गया टर्मिनल पहली बड़ी बारिश का भी सामना नहीं कर सका। उन्होंने ऑनलाइन तस्वीरें साझा कीं और ला-परवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ विस्तृत जांच और कार्रवाई की मांग की। बिट्टू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हलवारा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बारिश की पहली बौछार का भी सामना करने में विफल रहा। हवाई अड्डे को जिस तरह का नुकसान हुआ है, उससे कर्मचारियों और यात्रियों दोनों के जीवन को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ''लापरवाही से निर्माण करने और मानव जीवन को खतरे में डालने के लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।'' मूल ठेकेदार द्वारा बीच में ही काम छोड़ देने के बाद पंजाब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने टर्मिनल का निर्माण किया।

# समाज को 'गंभीर आत्मावलोकन' करने की जरूरत

## हरिवंश ने हिंदी पत्रकारिता की 200वीं वर्षगांठ पर कहा



**नयी दिल्ली:** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने रविवार को कहा कि देश हिंदी पत्रकारिता की 200वीं वर्षगांठ मना रहा है और ऐसे में समाज को 'गंभीर आत्मावलोकन' करना चाहिए। इस अवसर के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में आयोजित संगोष्ठी के दूसरे दिन उन्होंने सवाल किया, 'आज हमारी पत्रकारिता, विशेषकर हिंदी पत्रकारिता, अपने आसपास के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति कितनी सतर्क है।' कलकत्ता (अब कोलकाता) से 20 मई 1826 को साप्ताहिक 'उदंत मार्तंड' प्रकाशित हुआ था जिसके जरिये भारत में हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत हुई। हरिवंश ने कहा कि 'उदंत मार्तंड' के 'मास्टहेड' के नीचे संस्कृत में एक वाक्य लिखा होता था, जिसका अर्थ है - 'जिस तरह सूरज की रोशनी के बिना अंधेरा दूर नहीं हो सकता, उसी तरह समाचार के बिना लोगों को सूचित नहीं किया जा सकता। इसलिए, मैं एक अखबार प्रकाशित करने का प्रयास कर रहा हूं।' आईजीएन-सीए द्वारा जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया, 'पत्रकारिता का कर्तव्य है...जिस तरह सूरज की रोशनी अंधेरे को दूर करती है, सूचना और ज्ञान लोगों के बीच अज्ञानता को दूर करता है।' अपने संबोधन में राज्यसभा के उपसभापति ने 5 सितंबर 1826 को 'विलायती कपड़ा' शीर्षक से प्रकाशित 'उदंत मार्तंड' की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ''इसमें कहा गया था कि नौ साल के भीतर, ब्रिटेन से कपड़े का आयात सालाना डेढ़ लाख रुपये से बढ़कर 60 करोड़ रुपये हो गया है। आंकड़ों की सावधानीपूर्वक गणना करके, रिपोर्ट में भारत के आर्थिक शोषण पर सवाल उठाया गया था।' हरिवंश ने कहा, ''मैं खुद से पूछता हूं कि आज हमारी पत्रकारिता, खासकर हिंदी पत्रकारिता, ऐसे आर्थिक मुद्दों के प्रति कितनी सतर्क है।'' उन्होंने कहा, '200 साल पहले शुरू हुई पत्रकारिता राष्ट्र से प्रेरित थी। आज की पत्रकारिता में वह राष्ट्र कहां है? हिंदी पत्रकारिता की 200वीं वर्षगांठ के अवसर पर, हमें गंभीर आत्मावलोकन करना चाहिए।'

## नीरव मोदी, माल्या मामलों की जांच करने वाले पूर्व ईडी अधिकारी ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व विशेष निदेशक सत्यब्रत कुमार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली है। वह नीरव मोदी, विजय माल्या और महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप सहित कुछ सबसे हाई-प्रोफाइल धन शोधन मामलों में प्रमुख जांचकर्ता थे। सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर कैडर के 2004 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी को ठीक एक साल पहले ईडी से वापस आने के बाद पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयुक्त (अपील) के रूप में तैनात किया गया था। उन्होंने ईडी में करीब 12 वर्षों तक सेवा दी, जिससे वह एजेंसी में प्रतिनियुक्ति पर सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले अधिकारियों में शामिल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, 48 वर्षीय कुमार को अप्रैल में केंद्र सरकार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने की मंजूरी दे दी थी और इस संबंध में औपचारिक आदेश इसी महीने की शुरुआत में जारी किए गए। अधिकारियों के अनुसार, सत्यब्रत कुमार की सेवानिवृत्ति वर्ष 2037 में निर्धारित थी। उनके पास 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु प्राप्त करने तक सरकारी सेवा में लगभग 11 वर्ष शेष थे। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुमार ने व्यक्तिगत कारणों से सरकारी सेवा छोड़ने का फैसला किया।

